CNews सिटी चीफ

वर्ष-14, अंक-346
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
इंसान अपने धर्म से गिरता ही तब है जब वह मोह, माया, तृष्णा और रागद्वेष आदि विकारों में घिर जाता है।

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

# सिटी चीफ

इंदौर, रविवार 17 मार्च 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार





## तेंदुए ने युवक पर किया हमला, दहशत में ग्रामीण, वन विभाग अलर्ट

**छिंदवाड़ा।** रविवार सुबह 7 बजे गोंडीवाढोना गांव में तेंदुए ने अरुण शेषराव उईके नामक युवक पर हमला कर उसे घायल कर दिया। तेंदुए के हमले के बाद गांव में दहशत का माहौल है।मिली जानकारी के अनुसार अरुण सुबह गांव से लगे नहर के पास शौच करने बैठा था तभी अचानक झाड़ियों से निकलकर तेंदुए ने हमला कर दिया। युवक का सौंसर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर तेंदुए की तलाश कर रहा है। डिप्टी रेंजर नरेन्द्र ताजने ने बताया कि युवक के अनुसार हमला करने वाला वन्य प्राणी तेंदुआ है, युवक के हाथ और पैर पर नाखून के निशान बने हुए हैं। प्राथमिक दृष्टि से यह तेंदुए का ही हमला प्रतीत हो रहा है। तेंदुए के हमले के बाद वन अमले ने सर्चिंग शुरू की है। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुए के साथ दो शावक भी है। सौंसर वन परिक्षेत्र के अलग-अलग गांवों में पिछले तीन माह से तेंदुए ने आतंक मचा दिया है। सौ से अधिक पशुओं का शिकार हो चुका है। तेंदुए को खोजने कैमरे, पिंजरा और डॉग स्क्वायड को भी लगाया गया है, लेकिन वन अमले की पकड़ में नहीं आ रहा है।

## भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुईं मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल

नई दिल्ली। मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल शनिवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। 80 और 90 के दशक में अपने हिट गानों और भक्ति संगीत के लिए मशहूर गायिका ने पार्टी में शामिल होने पर खुशी भी जताई और इसके कारण का भी खुलासा किया। अनुराधा पौडवाल ने कहा कि वे ऐसी सरकार में शामिल होकर खुश हैं, जिसका सनातन धर्म से गहरा संबंध है। मीडिया से बातचीत के दौरान अनुराधा पौडवाल ने कहा कि मुझे खुशी है कि मैं उस सरकार में शामिल हो रही हूं, जिसका सनातन से गहरा संबंध है। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आज भाजपा में शामिल हो रही हूं। यह पूछे जाने पर कि क्या वे आगामी चुनाव लड़ेंगी? गायिका ने कहा कि मुझे अभी तक नहीं पता, पार्टी मुझे जो भी सुझाव देगी, यह उस पर निर्भर करता है।

## महू से वैष्णो देवी जा रही ट्रेन का कपलिंग टूटा, दो हिस्सों में बंटकर रुकी

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में बड़ा ट्रेन हादसा होने से बाल-बाल बच गया। इंदौर के महू से कटरा ( वैष्णो देवी) के लिए रवाना हुई मालवा एक्सप्रेस की कपलिंग टूट गई। ट्रेन दो हिस्सों में बंटकर रुक गई। घटना शाजापुर जिले के बेरछा स्टेशन के पास की है। ट्रेन करीब दो घंटे तक खड़ी रही। ट्रेन में सवार यात्रियों ने बताया कि पीर उमरोद रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के दो डिब्बों को जोड़ने वाले जॉइंट (कपलिंग) खुलने से इंजन और उसके पीछे की दो बोगी अलग हो गई थी। कपलिंग को ठीक कर ट्रेन को रवाना किया गया। 10 मिनट बाद बेरछा रेलवे स्टेशन आने से पहले दोबारा कपलिंग खुल गई। शुक्र है हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, कपलिंग खुलने के बाद ट्रेन का एक हिस्सा इंजन के साथ आगे चला गया। दूसरा हिस्सा पटरी पर ही चलता रहा। डिब्बों में कई यात्री सवार थे। घटना होने से अफरा-तफरी मच गई। सभी यात्री कोच से बाहर निकले तो देखा इंजन कुछ डिब्बों के साथ रिवर्स आ रहा है। तब पता चला कि ट्रेन से इंजन और कुछ डिब्बे अलग हो गए हैं। ट्रेन दस मिनट बाद में चली। अगले दस मिनट में फिर से रुक गई, फिर यात्रियों ने उतर कर देखा तो इंजन से डिब्बे अलग हो गए थे, फिर ट्रेन को बेरछा में सही किया गया। शुक्र है कि कोई जनहानि नहीं हुई। दोपहर 3-55 बजे बेरछा रेलवे स्टेशन पर पहुंची मालवा एक्सप्रेस ट्रेन 2 घंटे खड़े रहने के बाद 5.50 बजे दोबारा कपलिंग जोड़ने के बाद रवाना हुई है। घटना के कारण ट्रेन 2 घंटे खड़ी रही। जिस समय हादसा हुआ ट्रेन की स्पीड कम थी। इंजन के साथ कुछ डिब्बे 50 मीटर दूर तक जाकर रुक गए। रेलवे की टेक्निकल टीम ने पहुंचकर कपलिंग को ठीक किया। इसके बाद ट्रेन को रवाना किया जा सका। रफ्तार कम होने के कारण यात्रियों की जान बाल-बल बच गई।

## अरब सागर में हाईजैक जहाज से 17 लोगों को बचाया, सरेंडर को मजबूर हुए 35 समुद्री डकैत



**नई दिल्ली ।** भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपनी बहादुरी की एक और मिसाल कायम की है. यहां INS कोलकाता ने शनिवार को पिछले साल 14 दिसंबर को अपहृत पूर्व-एमवी रुएन से चालक दल के 17 सदस्यों को सफलतापूर्वक बचाते हुए सभी 35 सोमाली समुद्री डाकुओं को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया. इंडियन नेवी का 40 घंटे का ऑपरेशन शाम को खत्म हुआ और चालक दल के सभी सदस्यों को बिना किसी चोट के बचा लिया गया। नौसेना के अनुसार, आईएनएस कोलकाता ने समुद्री डाकू जहाज रुएन को भारतीय तट से लगभग 2600 किमी दूर रोका था और आईएनएस सुभद्रा, हेल आरपीए, पी8आई समुद्री गश्ती विमान और मार्कोस क्क प्रहार को सी-17 विमान द्वारा हवा में गिराया. इस कार्रवाई के कारण समुद्री डाकू जहाज रुकने के लिए मजबूर हो गया. जहाज से अवैध हथियार, गोला-बारूद और प्रतिबंधित सामग्री बरामद की गई। नौसेना के प्रवक्ता विवेक मधवाल ने कहा, 'आईएनएस कोलकाता ने पिछले 40 घंटों में ठोस कार्रवाई करके सभी 35 समुद्री डाकुओं को सफलतापूर्वक घेर लिया और आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया तथा बंधक बनाए गए जहाज से चालक दल के 17 सदस्यों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित की।

## लोकसभा चुनाव में उतरने से हिचक रहे मंत्री, कांग्रेस के सामने आई उम्मीदवारों के चयन की परेशानी

**बंगलूरू।** लोकसभा चुनाव में करीब एक महीना बचा है और कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में अभी भी अपने उम्मीदवारों की तलाश में जुटी है। दरअसल, कुछ मंत्रियों और विधायकों के चुनाव लड़ने से हिचकने के कारण कांग्रेस उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर नहीं लगा पा रही है। इसलिए पार्टी जीतने योग्य उम्मीदवारों की तलाश में लग गई है। कांग्रेस को सात सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा किए 10 दिन हो चुके हैं, जबकि शेष 21 सीटों के लिए उम्मीदवारों को चुनने की प्रक्रिया जारी है। कांग्रेस की आठ मार्च को जारी पहली सूची में किसी भी मंत्री और विधायक का नाम नहीं था। पार्टी सूत्रों की माने तो कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व कुछ मंत्रियों और विधायकों को चुनाव लड़ने के लिए मनाने का प्रयास कर रहा है। क्योंकि पार्टी को कई क्षेत्रों में जीतने योग्य उम्मीदवारों की पहचान करने में समस्या आ रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री जी परमेश्वर ने हाल



में कहा था कि पार्टी में सात से आठ मंत्रियों को मैदान में उतारने पर चर्चा चल रही है। कहा जाता है कि कुछ मंत्री चुनाव लड़ने के बजाय अपने परिवार के सदस्यों की उम्मीदवारी के लिए जोर दे रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, पार्टी नेतृत्व इस बात को लेकर चिंतित है कि अगर उनके परिजनों को मैदान में उतारा गया तो इससे जनता में क्या संदेश जाएगा। हालांकि मंत्रियों या उनके परिवार के सदस्यों को उतारने पर फैसला अब अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेतृत्व पर छोड़ दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। उनका कहना है, 'राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को समाप्त हो गई है। रविवार को इंडिया ब्लॉक के नेताओं की जनसभा है और 19 मार्च को हमारी बैठक उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए है। 19 मार्च की रात या 20 मार्च की सुबह हमारे सभी उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी।' सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस चामराजनगर से एच सी महादेवप्पा, कोलार से के एच मुनियप्पा, बेल्लारी से बी नागेंद्र, बेलगाम से सतीश जारकीहोली, बीदर से ईश्वर खांद्रे और बंगलूरू उत्तर से कृष्णा बायरे गौड़ा को चुनाव मैदान में उतारना चाहती है। हालांकि, लगभग मंत्री चुनाव लड़ने से हिचकिचा रहे हैं। कुछ के बारे में कहा जा रहा है कि उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों के नाम सुझाए हैं, इस आश्वासन के साथ कि वे अपनी जीत सुनिश्चित करेंगे। बताया जाता है कि गौड़ा ने पार्टी नेतृत्व से कहा है कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहते। वह 2019 में बंगलूरू उत्तर से और 2009 में बंगलूरू दक्षिण से हार गए थे। वहीं, महादेवप्पा अपने बेटे सुनील बोस के लिए चामराजनगर टिकट की मांग कर रहे हैं। परमेश्वर, जो पहले पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष थे, ने हाल ही में कहा था, 'वह (महादेवप्पा) कह रहे हैं कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं और टिकट उनके बेटे को दिया जाना चाहिए। पार्टी अंततः फैसला करेगी कि महादेवप्पा का बेटा होगा या कोई और। अगर वह चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं तो उन पर दबाव नहीं डाला जा सकता।'

एक अन्य वरिष्ठ मंत्री मुनियप्पा, सात बार के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री, जो 2019 के लोकसभा चुनाव हारने के बाद राज्य की राजनीति में लौटे, कहा जाता है कि उन्होंने कोलार सीट के लिए अपने दामाद शशिधर जेई को मैदान में उतारा है।

## आचार संहिता के कारण अटका इंदौर-उज्जैन सिक्सलेन वेस्टर्न रिंग रोड और एलिवेटेड ब्रिज का काम

**इंदौर।** आचार संहिता के कारण अब तीन माह तक नए काम शुरू नहीं हो सकेंगे। जो काम जारी है, वे भी धीमी गति से चलेंगे,क्योकि सरकारी अमला निर्वाचन कार्य में जुटा रहेगा। इंदौर में आचार संहिता के कारण इंदौर-उज्जैन सांवेर रोड, वेस्टर्न रिंग रोड और एलिवेटेड ब्रिज का काम अटक गए। अभी तक इनके टेंडर भी जारी नहीं हुए है। अब तीन माह बाद ही कामों का मुर्हुत निकल पाएगा। एलआईजी तिराहा से नवलखा तक बनने वाले एलिवेटेड रोड पर लोक निर्माण विभाग 350 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। ढाई माह पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस प्रोजेक्ट का भूमिपूजन इंदौर यात्रा के दौरान किया था, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया। फिलहाल विभाग मिट्टी परीक्षण ही करा रहा है। अभी तक काम शुरू नहीं हुआआ है और टेंडर



भी जारी नहीं हो पाए। अब यह प्रक्रिया भी तीन माह के बाद ही शुरू हो पाएगी।

**प्रोजेक्ट केंद्र से मंजूर, काम शुरू नहीं** 32 किलोमीटर लंबाई में बनने वाला पश्चिमी रिंग रोड 2200 करोड़ में बनेगा।

इसके लिए केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी, लेकिन इस प्रोजेक्ट को भी गति नहीं मिल पाएगी, क्योकि 30 से ज्यादा गांवों के किसान पर्याप्त मुआवजा नहीं मिलने के कारण विरोध कर रहे है और इस प्रोजेक्ट के भी टेंडर जारी नहीं हो पाए। आचार संहिता लगने के एक दिन पहले शुक्रवार को नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अफसरों से चर्चा की थी और मार्ग के दोनों तरफ लैंडयूज बदलने पर चर्चा की थी।

**सोलर प्रोजेक्ट भी जमीन पर नहीं आया** जलूद में एक हजार करोड़ की लागत से नर्मदा जल प्रदाय के लिए सोलर से बिजली बनाने का प्रोजेक्ट भी अधर में लटका है। नगर निगम स्तर पर इसे मंजूरी दे दी गई, लेकिन शासन से स्वीकृति नहीं मिल पाई। अब यह काम भी तीन माह बाद हो पाएगा। इसके अलावा इंदौर के मध्य हिस्से में मेट्रो के संचालन का काम भी तीन माह तक संभव नहीं है।

## मप्र की 29 सीटों के लिए चार चरणों में चुनाव



*मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों के लिए चार चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को होगी, वहीं चौथे चरण का मतदान 13 मई होगा। चार जून को चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।*

### मप्र में 19 अप्रैल को यहां वोटिंग

पहले चरण में 19 अप्रैल को सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा समेत छह सीटों पर मतदान होगा। चुनावी कार्यक्रम के अनुसार 20 से 27 मार्च तक नामांकन किए जा सकेंगे। 28 मार्च को नामांकन पत्र की जांच होगी और 30 मार्च तक नाम वापस लिया जा सकेगा। 19 अप्रैल को मतदान होगा।

### मप्र में 26 अप्रैल को यहां होगा मतदान

दूसरे चरण में मप्र की सात सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसमें टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद और बैतूल लोकसभा सीट शामिल है। 28 मार्च से चार अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। आठ अप्रैल तक प्रत्याशी नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। 26 अप्रैल को इन सीटों पर मतदान होगा।

### मप्र में 7 मई को इन सीटों पर वोटिंग

तीसरे चरण में 7 मई को ग्वालियर, मुरैना, भिंड, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल और राजगढ़ समेत आठ सीटों पर मतदान होगा। 12 से 19 अप्रैल तक प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 22 अप्रैल तक नाम वापस लिया जा सकता है। सात मई को मतदान होगा।

### मप्र में 13 मई को इस सीटों पर मतदान

चौथे चरण का मतदान 13 मई को होगा। इस देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा समेत आठ सीटों पर वोटिंग होगी। 18 से 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 29 अप्रैल तक नाम वापस लिया जा सकता है। 13 मई सोमवार को मतदान होगा।

### सात चरणों में होंगे लोकसभा चुनाव, 19 अप्रैल से 1 जून तक मतदान, 4 जून को नतीजे

# झूठ के बाजार में रौनक बहुत है, मगर यह बुलबुला है

***लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान चुनाव आयोग ने कर दिया है। सात चरणों में आम चुनाव करवाए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग समेत किसी की भी आलोचना करने की पूर्ण स्वतंत्रता है, लेकिन फेक न्यूज, अफवाहें फैलाने की आजादी नहीं है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने फेक न्यूज को लेकर चिंता जताते हुए कुछ पंक्तियां भी सुनाईं जिनकी शुरुआत थी- झूठ के बाजार में रौनक बहुत है, मगर यह बुलबुला है।***

**नई दिल्ली।** 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को समाप्त होने वाला है। 18वीं लोकसभा के लिए शनिवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) ने चुनाव कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही देशभर में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई। चुनाव आयोग ने सात चरणों में चुनाव कराने का ऐलान किया। 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव में आखिरी फेज की वोटिंग एक जून को होगी। वहीं 4 जून को नतीजे आएंगे। 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण में कुल 102 सीटों पर मतदान होंगा, जबकि 26 अप्रैल को 89 सीटों पर, सात मई को 94 सीटों पर, 13 मई को 96 सीटों पर, 20 मई को 49 सीटों पर, 25 मई को 57 सीटों पर और एक जून को 57 सीटों पर वोटिंग होगी। जबकि चार जून को रिजल्ट की घोषणा होगी। आयोग कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम और खाली हुई उपचुनाव की सीटों पर भी चुनावों का ऐलान किया है। इधर, मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों के लिए चार चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को होगी, वहीं चौथे चरण का मतदान 13 मई होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सबसे पहले कहा कि चुनाव का पर्व, देश का गर्व। उन्होंने बताया कि इस बार 96.8 करोड़ वोटर्स वोट डालने जा रहे हैं। यानी कि करीब 97 करोड़ लोग लोकसभा चुनाव में वोट डालेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में करीब 1.8 करोड़ वोटर्स ऐसे हैं, जो पहली बार किसी चुनाव में वोट डालने वाले हैं। इसके अलावा 20-29 साल की उम्र के बीच के वोटर्स की संख्या 19.47 करोड़ है।

**कुल 96.8 करोड़ मतदाता** -कुल 96.8 करोड़ मतदाताओं में 49.7 करोड़ पुरुष, 47.1 करोड़ महिलाएं, 48 हजार ट्रांसजेंडर शामिल हैं। चुनाव आयोग के आंकड़े के अनुसार, देशभर में मतदाता लिंगानुपात 948 है, 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया, हमारी मतदाता सूची में 85 साल से अधिक उम्र के 82 लाख और सौ साल से अधिक उम्र के 2.18 लाख मतदाता शामिल हैं।

**चार राज्यों में विधानसभा चुनाव भी-** लोकसभा के साथ 4 राज्यों- आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के विधानसभा चुनाव की तारीखें भी जारी कर दी गई हैं। ओडिशा में 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को वोटिंग होगी। बाकी तीन राज्यों में एक फेज में चुनाव होंगे। अरुणाचल और सिक्किम में 19 अप्रैल, आंध्र प्रदेश में 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

**पहले चरण में 19 अप्रैल को यहां वोटिंग** अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, जम्मू-कश्मीर, लक्ष्यद्वीप और पुडुचेरी।

**पहले चरण में इन राज्यों की कुल 102 सीटों पर मतदान होगा।**

**दूसरे चरण में 26 अप्रैल को यहां वोटिंग-** असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल। दूसरे चरण में इन राज्यों की कुल 89 सीटों पर मतदान होगा।

## सिंगल कॉलम

### *MRTB अस्पताल से बेचा संक्रमित खून*

*इंदौर। युवती को इंजेक्शन लगवाने वाले गुंडे ने टीबी अस्पताल से संक्रमित खून खरीदा था। मल्हारगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर किशोर कोरी दो दिन से पुलिस को गुमराह कर रहा था। शनिवार सुबह किशोर टूटा और सफाई कर्मी से संक्रमित खून खरीदना कबूला। सराफा पुलिस ने एमआरटीबी की महिला सफाई कर्मी सहित तीन को गिरफ्तार किया है। पहले बताई थी ये बात रामनगर (मल्हारगंज) निवासी कुख्यात गुंडे किशोर कोरी ने 22 वर्षीय युवती को धानगली में इंजेक्शन लगवाया था। शुक्रवार को पुलिस ने किशोर को संजय वर्मा (रानीपुरा) के साथ गिरफ्तार किया और दावा किया कि उसने युवती को गंभीर बिमारियों से संक्रमित करने की मंशा से बीमार भिखारी का खून मंगवाया था। भूतेश्वर मंदिर के समीप रहने वाले भिखारी को शराब पिलाकर खून निकाला था। देर रात पुलिस भिखारी को तलाशने पहुंची तो आरोपित मुकुर गया। पुलिस वालों से कहा वह तो झूठ बोल रहा था। खून परिचित शैलेंद्र चंदेल और लोकेश कंडारे के जरिए मनोरमा राजे टीबी (एमआरटीबी) अस्पताल से मंगवाया गया था। दोनों एमवाय अस्पताल में सफाई कर्मी है। लोकेश की पत्नी संगीता एमआरटीबी अस्पताल में साफ सफाई करती है। फिल्म देखकर रची थी साजिश आरोपितों ने 15 हजार रुपये में सौदा किया और संगीता मेडिकल वेस्ट से संक्रमित खून का इंजेक्शन उठाकर ले आई। इंजेक्शन एक दिन तक संजय वर्मा के घर फ्रीज में रखा और दूसरे दिन जीवन की फेल में रहने वाले रोहन व आकाश बौरासी को सुपारी देकर लगवाया। एसीपी हेमंत चौहान के मुताबिक शैलेंद्र, लोकेश और संगीता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित रोहन और आकाश की तलाश है। गौरलतब है कि किशोर कोरी पर 12 अपराध दर्ज है।उसने तमिल भाषाई फिल्म आई देख कर साजिश रचि थी।*

### *अब 8 करोड़ 89 लाख से बिलासपुर शहर में होंगे विभिन्न विकास कार्य*

*बिलासपुर। शहर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 15 वें वित्त और अधोसरंचना मद से 18 करोड़ 89 लाख रूपये स्वीकृत किए गए है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव के निर्देश पर संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग ने नगर निगम बिलासपुर को इसकी स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से शहर के विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क और नाली निर्माण के कार्य किए जाएंगे। 15 वें वित्त से 8 करोड़ 90 लाख और अधोसरंचना मद से 9 करोड़ 99 लाख रूपये स्वीकृत किए गए है। मालूम हो कि नगर निगम को भी 15 वें वित्त आयोग से राशि आने का इंतजार कर रही है, क्योंकि इस राशि से शहरी क्षेत्र की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है, वही इस राशि से विकास कार्य को गति भी दिया जाना रहा है। हालाकि राशि उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। वही अब उप मुख्यमंत्री अरूण साव के निर्देश पर बिलासपुर नगर निगम को राशि मिली है। वही अब विकास कार्य को गति मिलेगी। इसमे मुख्य रूप से शहर के वार्डो की मूलभुत सुविधाओं को पूरा किया जाएगा। मिले राशि से कुल 50 विकास कार्य होंगे। इसमें अधोसरंचना मद से मिले 9 करोड़ 99 लाख से 27 विकास कार्य और 15 वें वित्त आयोग से मिले 8 करोड़ 90 लाख रूपये से 23 विकास कार्य हो सकेंगे। नाली निर्माण, आरसीसीसी नाली निर्माण, सीसी रोड, स्ट्रीट लाइट पोल सहित, सड़क चौड़ीकरण व बीटी कार्य होंगे, जिसमे शहर के कई मुख्य मार्ग भी शामिल है। जिनमे उचित प्रकाश व्यवस्था होने व सीसी रोड बनने से लोगों को लाभ मिलेगा। इसमे संतोष भवन से सिम्स मुख्य द्वार तक सड़म निर्माण भी शामिल है। इन कार्य वार्डो के अंतर्गत होंगे। दो करोड़ 38 लाख से सवरेगा हाईटेक बस स्टैंड हाईटेक बस स्टैंड को संवारने के लिए जिला खनिज न्यास मद से 2 करोड़ 38 लाख रुपए मिले है। जिसका शनिवार की सुबह 11 बजे भूमिपूजन किया गया है। इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, महापौर रामशरण यादव ने इस विकास कार्य का भूमि पूजन किया। वही अब इस राशि हाईटेक बस स्टैंड की सभी खामियां दूर की जाएगी। इसमे शौचालय निर्माण, पिंक टायलेट, महिलाओं के लिए वेटिंग हाल, बैठने की व्यवस्था के साथ बस स्टैंड को डिजिटल किया जाएगा।*

### *बिलासपुर कानन में बेजुबानों को न हो गर्मी का एहसास इसलिए लगाया कूलर*

*बिलासपुर। गर्मी के सीजन में कानन पेंडारी जू के वन्यप्राणियों की परेशानी बढ़ जाती है। खुले केज में आसमान के नीचे होने से जानवरों को तपती धूप से दिक्कत होती है। उनकी इन्हीं परेशानियों को देखते हुए जू प्रबंधन ने खास इंतजाम किया है। बाघ, लायन, तेंदुआ केज में जहां वन्य प्राणी कूलर की ठंडी हवा ले रहे हैं। वहीं शाकाहारी वन्य प्राणियों के केज के शेड में घास और पक्षियों कानन पेंडारी चिड़ियाघर होने के साथ- साथ रेस्क्यू सेंटर भी है। चिड़ियाघर होने के कारण अदला- बदली प्रक्रिया के तहत जहां देश के अलग- अलग जू से वन्य प्राणी लाए जाते हैं, वहीं जू में जन्म भी होता है। रेस्क्यू करने के बाद भी वन्य प्राणियों को यहीं लाकर रखा जाता है। इनकी देखभाल में जू प्रबंधन को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। मौसम के अनुरूप सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। वर्तमान में गर्मी शुरू हो गई है। दोपहर में सूर्य की किरणें प्रभावित करने लगी है। जिसे देखते हुए ही इस साल भी जू प्रबंधन ने पर्याप्त व पुख्ता इंतजाम किया है। स्प्रिंकलर से वन्य प्राणियों को इस चिलचिलाती गर्मी से राहत मिल रही है। अधिकांश वन्य प्राणियों के केज में स्प्रिंकलर लगाए गए हैं। जिसके नीचे वन्य प्राणी भींगकर खुद को गर्मी से बचाते हैं। यहां का वातावरण तपती गर्मी को मुहतोड़ जवाब दे रहा है।*

# सिर्फ कागज पर काम, जागे नहीं तो इंदौर में बन जाएंगे बेंगलुरु से बदतर हालात

**सिटी चीफ इंदौर।**

मालव माटी गहन गंभीर, पग-पग रोटी डग-डग नीर' यह कहावत अब इंदौर पर सटीक नहीं बैठती। पिछले कुछ वर्षों में शहर में भूजल स्तर तेज से गिरा है। इसकी वजह है भूजल का अंधाधुंध दोहन। नीति आयोग के एक प्रतिवेदन के अनुसार इंदौर में स्थिति गंभीर है। शहर में जिस तरह से नलकूप के जरिए भूजल का दोहन हो रहा है, उससे इस बात की आशंका बनी है कि आने वाले समय में यहां के हालात बेंगलुरु से भी बदतर हो जाएंगे। अब भी हम नहीं जागे तो आने वाले समय में हमें इंदौर में भीषण जलसंकट झेलना पड़ेगा। समस्या यह है कि देशभर में स्वच्छता का परचम लहराने वाला इंदौर अब भी इस मामले में कुंभकर्णी नींद सो रहा है। नर्मदा जल पर आश्रित इस शहर को जलापूर्ति के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता तो है, लेकिन इसे लेकर सरकार और हमारी गंभीरता सवालों के घेरे में है। यह इसी से समझा जा सकता है कि शहर में नलकूपों की संख्या डेढ़ लाख से ज्यादा है, लेकिन इनमें से 20 प्रतिशत में भी वर्षा जल पुनर्भरण की व्यवस्था नहीं है। इसके लिए योजनाएं तो खूब बनीं, लेकिन इन्हें मूर्त रूप देने को लेकर कोई सरकार कभी गंभीर नहीं रही। दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दल आने वाले जलसंकट को लेकर काम करने का वादा तो हर बार करते हैं, लेकिन सत्तासीन होते ही उनके लिए यह गंभीर समस्या गौण हो जाती है। हरियाली पर भारी पड़ रहे सीमेंट के जंग शहर में उद्योग तो तेजी से स्थापित हुए, लेकिन उस अनुपात में हरियाली का ध्यान नहीं रखा गया। विशेषज्ञों के अनुसार इंदौर



में कागज पर ग्रीन कवरेज भले ही 15 प्रतिशत के आसपास हो, लेकिन वास्तविकता यह है कि कई जगह कागज पर मौजूद ग्रीन बेल्ट के स्थान पर रहवासी कालोनियां विकसित हो चुकी हैं। शहर के सीमेंटीकरण और कम होती हरियाली की वजह से शहर का तापमान लगातार बढ़ रहा है। चिंता की बात यह है कि दोनों ही राजनीतिक दल शहर में हरियाली बढ़ाने के मुद्दे पर मौन हैं। चिंता इस बात की भी है कि लगातार बिगड़ती स्थिति के बावजूद इतने गंभीर मुद्दे पर कोई राजनीतिक दल कुछ भी कहने को तैयार नहीं है। लगातार बढ़ते भूजल दोहन को रोकने के लिए क्या करेंगे, यह पूछने पर एक ही जवाब आता है कि योजना बनाएंगे। राजनीतिक दल वर्षों से यूं ही खानापूर्ति करने वाले बयान जारी कर रहे हैं और इंदौर की जनता ठगी जा रही है। भूजल को थामने के लिए न तो राज्य शासन ने कोई ठोस कार्रवाई की, न इंदौर नगर निगम ने। कागज पर भले ही नलकूप के साथ-साथ ही वर्षा जल संग्रहण की व्यवस्था करना अनिवार्य हो लेकिन वास्तविकता यह है कि इस नियम का पालन होता नहीं है। मिल रहा 350 एमएलडी इंदौर की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। आसपास के छोटे शहरों और कस्बों से पलायन कर लोगों का इंदौर की तरफ आना जारी है। ऐसे में यहां पानी की आवश्यकता भी लगातार बढ़ रही है। एक अध्ययन के अनुसार शहर में वर्तमान में रोजाना करीब 700 एमएलडी पानी का उपयोग हो रहा है जबकि नर्मदा से हमें सिर्फ 350 एमएलडी पानी ही मिल रहा है।

## फर्जी दस्तावेज बनाकर 19.80 लाख की बीमा राशि निकाली, आरोपित महिला व पुरुष गिरफ्तार




**उज्जैन।** शाजापुर के ग्राम सुनेरा निवासी युवक की मौत हो गई। इसके बाद कुछ लोगों ने मृतक की पत्नी के दस्तावेजों पर देवास निवासी महिला के फोटो लगाकर 19.80 लाख रुपये बीमा के निकाल लिए। महिला ने जब अपने पति की बीमा राशि लेने के लिए कंपनी में आवेदन किया तो बताया गया कि उसने राशि निकाल ली है। इसके बाद उसने माधव नगर पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने देवास निवासी महिला, पुरुष व एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया था। एसआइ पवन वास्कले ने बताया कि शाजापुर के ग्राम सुनेरा निवासी टीना पत्नी रोहित उदासी ने शिकायत की थी कि उसके पति रोहित की बीते वर्ष मौत हो गई थी। रोहित ने एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस से बीमा पालिसी ली थी। पति की मौत के बाद जब टीना ने बीमा राशि निकालने के लिए कंपनी में आवेदन किया तो वहां पता चला कि उसके नाम पर किसी और महिला ने मृतक की पत्नी टीना बनकर 19.80 लाख रुपये निकाल लिए हैं। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि पूजा पत्नी अनिल चौहान निवासी ग्राम बरोठा देवास ने धर्मेंद्र सांसी व एक अन्य के साथ मिलकर टीना के दस्तावेजों पर अपने फोटो लगाकर बैंक में खाता खुलवाया और उसके बाद बीमा कंपनी में राशि निकालने के लिए आवेदन किया। पूजा ने 16 व 17 फरवरी को दो बार में कुल 19.80 लाख रुपये निकालकर अपने बैंक खाते में जमा करवा लिए। जांच के बाद पुलिस ने पूजा, धर्मेंद्र सहित एक अन्य के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471, 34 के तहत केस दर्ज किया था। शनिवार को पुलिस ने पूजा व धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। यहां से दोनों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है।

## छात्रा को ब्लैकमेल करने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार, लोगों ने की पिटाई



**सिटी चीफ इंदौर।**

रहवासियों ने कोचिंग क्लास के शिक्षक को छात्रा को ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में पकड़ा। उसकी पिटाई की और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। खजराना थाना पुलिस ने केस दर्ज कर गिरफ्तार किया। मूलतः नरसिंहपुर निवासी आकाश उपाध्याय बंगाली चौराहा स्थित फार एवर कोचिंग क्लास का शिक्षक है। छात्रा कोचिंग क्लास में ट्यूशन पढ़ने जाती थी। इस दौरान आरोपित ने दोस्ती की और शारीरिक संबंध बना लिए। आरोपित फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। घबराहट में छात्रा ने कोचिंग जाना बंद कर दिया था। शनिवार को वह छात्रा के घर पहुंचा और धमकाने लगा। छात्रा के भाई ने दोस्त ऋतिक व भाजपा नेता राजा कोठारी को घटना बताई। तीनों ने आरोपित की पिटाई की और खजराना पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

**रंजिश में तलवार से हमला कर कान काटा**

इंदौर। रंजिश में आरोपितों ने तलवार से हमला कर युवक का कान काट दिया। सदर बाजार पुलिस ने केस दर्ज किया। घटना सिकंदराबाद कालोनी की है। फरियादी सैयद सैफ अली निवासी साउथ गाडराखेड़ी की शिकायत पर आरोपित रोशन खान, सखा और फरहान के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## इंदौर के पटेल ब्रिज के पास नौ दुकानों में लगी आग, दो बाइक व आटो रिक्शा जला

**सिटी चीफ इंदौर।**

पटेल ब्रिज के पास शनिवार शाम दुकानों में आग लग गई। दुकानों में ज्वलनशील पदार्थ होने से आग बेकाबू हुई और नौ दुकानों को चपेट में ले लिया। बसों के कारण दमकलकर्मियों को पहुंचने में मशक्कत करना पड़ी। दुकान संचालकों का आरोप है कि जिस जगह से शुरुआत हुई वहां अवैध घासलेट और पेट्रोल बिकता है। बाइक और आटो रिक्शा भी जला है। आटो रिक्शा चालक बचत के लालच में घासलेट व पेट्रोल लेने आते थे। घटना शनिवार शाम करीब 4.15 बजे की है। पटेल ब्रिज स्थित पटेल प्रतिमा के समीप लोहे की चद्दरों से बने आटो पार्ट्स, गैरेज, वायरिंग और स्प्रे पेंट की कई दुकानें हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सबसे पहले राजेश की दुकान सांवरिया आइल में आग लगी। दुकान में आइल, लुब्रिकेंट, स्प्रे पेंट सहित अन्य तरह का ज्वलनशील पदार्थ रखा था। इस कारण आग भड़की और श्रीनाथ यादव ट्रैवल्स के आफिस को चपेट में लिया। मौके पर अग्निशमन यंत्र और पानी की व्यवस्था नहीं थी। इस कारण कुछ ही पलों में आग ने विशाल



एवरफ्रेश, इंदौर इंजीनियरिंग वर्क्स, आनर आटो पार्ट्स, अशोक विकास ट्रैवल्स, रायल इलेक्ट्रिकल्स, रजत इलेक्ट्रिकल्स और जनता आटो पार्ट्स की दुकान को भी चपेट में ले लिया। बसों के कारण फंसे दमकलकर्मी दमकलकर्मी पहुंचे लेकिन सरवटे बस स्टैंड से देवास की तरफ जाने वाली बसों के कारण जाम में फंस गए। दमकलकर्मी काफी मशक्कत के बाद मौके पर पहुंचे। जिस वक्त आग लगी, पुलिस अफसर फ्लैग मार्च निकालने रानी सराय स्थित पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे थे। संयोगितागंज एसीपी तुषार सिंह और छोटी ग्वालटोली टीआइ उमेश यादव मौके पर पहुंच गए। जहरीले धुएं और लोहे की चद्दरों से आई मुश्किल दुकानें लोहे की चद्दरों से बनी हुई हैं। उनके पीछे रेलवे कार्यालय है। आटो पार्ट्स और आइल होने के कारण पूरे क्षेत्र में काला और जहरीला धुआं फैल गया। दो दुकानों में ताला लगा हुआ था। दमकलकर्मी चद्दर गर्म होने के कारण ऊपर भी नहीं जा सके। काफी देर बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग में दो बाइक और एक आटो रिक्शा भी पूरी तरह जल गया। टीआइ के मुताबिक, ज्वलनशील पदार्थ होने की जानकारी है। घासलेट और पेट्रोल बिकने की पुष्टि नहीं हुई है।



## रेलवे वेलफेयर इंस्पेक्टर समेत सात की गाड़ियों के टायर से निकाले हवा

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन में पार्किंग व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही। आरक्षण केंद्र के सामने छह से सात गाड़ियों के टायर का हवा निकाल दिया गया। इनमें एक गाड़ी रेलवे के ही वेलफेयर इंस्पेक्टर की थी। वह स्टेशन जांच करने के लिए पहुंचे थे। गाड़ियों की हालत देख वह बेहद नाराज भी हुए। उन्होंने कहा कि यह तरीका सही नहीं है। मामला शनिवार का है। रेलवे में पदस्थ वेलफेयर इंस्पेक्टर जांच करने के लिए स्टेशन पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपनी गाड़ी आरक्षण कार्यालय के सामने रख दी। हालांकि यह नो- पार्किंग क्षेत्र है। चूंकि वह विभागी कार्य से पहुंचे थे। इसलिए उन्होंने यहां गाड़ी खड़ी कर दी। उनकी गाड़ी के आजू-बाजू भी गाड़ियां खड़ी हो गईं। इनमें ज्यादातर गाड़ियां रेलवे स्टाफ के ही है। इधर जानकारी मिलने के बाद सभी गाड़ियों के टायर के हवा निकाल दिए। जब जांच कर वह लौटे तो गाड़ी की स्थिति देख वह नाराज हुए। उन्होंने स्टैंड के कर्मचारियों को बुलाया। कर्मचारी उन्हें नहीं पहचानते थे। कर्मचारी वेलफेयर इंस्पेक्टर से ही उलझ गए। बाद में कर्मचारी स्टेशन के सीआई व आरपीएफ का नाम बताने लगे। इस बीच उन्होंने सीआई को बुलाया। सीआई कहने लगे की हवा उन्होंने नहीं निकाला है। इस पर आरपीएफ को बुलाया लेकिन, कोई भी स्टाफ नहीं पहुंचा। इस अव्यवस्था से वे बेहद नाराज हुए और कहां कि यह तरीका सही नहीं है। हवा निकालने के बाद गाड़ी कैसे लेकर जाएंगे। इस मामले को लेकर उच्चाधिकारियों को शिकायत भी करने की बात उन्होंने कही। पार्किंग व्यवस्था सुधारने के लिए सख्ती बरतने के और भी तरीके हैं।

## श्री सनाढ्य ब्राह्मण सभा का युवक-युवती परिचय सम्मेलन, छाएगा फाग गीतों का उल्लास

**सिटी चीफ इंदौर।**

शहर में विभिन्न धार्मिक-सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों के कार्यक्रम 17 मार्च को होंगे। इसमें सनाढ्य ब्राह्मण सभा द्वारा परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न समाजों के फाग उत्सव के आयोजन भी होंगे। चित्रकला में रुचि रखने वालों के लिए कला प्रदर्शनी और शिव कथा और भागवत कथा का समापन भी होगा। श्री सनाढ्य ब्राह्मण सभा द्वारा राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभकारज गार्डन पर सुबह 10 बजे से अभा. युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं स्नेह मिलन आयोजित किया जाएगा। समाज बाहुल्य जिलों में एक ही दिन, एक ही समय एवं एक ही




परिचय पुस्तिका के आधार पर सम्मेलन होगा। इसमें दो हजार से अधिक प्रत्याशी भाग लेंगे। गत वर्ष 200 रिश्ते तय हुए थे। चित्रकला में रुचि रखने वालों के लिए शहर में तीन दिनी कला प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। दर्शिका देवलालीकर कला वीथिका में आप इस कला प्रदर्शनी का आनंद सुबह 11.30 बजे बाद से ले सकते हैं। नौलखा स्थित श्री सिद्धेश्वर वीर हनुमान मंदिर में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा चल रही है। यहां कथा वाचक पंडित नारायण शास्त्री के मुखारविंद से दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगा। संस्था सृजन द्वारा रंगारंग समरसता फाग महोत्सव कुशवाह नगर चौराहा पर दोपहर 3 बजे आयोजित किया जाएगा। इसमें फाग गीतों का उल्लास छाएगा।। इसमें फाग गीतों की प्रस्तुति पर मातृशक्तियां थिरकेंगी। भोजन प्रसादी के साथ आयोजन का समापन होगा। माहेश्वरी संगम की इस वर्ष की तृतीय सभा में फाग महोत्सव शाम 5 बजे कैट रोड स्थित एमराल्ड ग्रीन गार्डन में होगा। इसमें सभी सदस्य फाग गीतों पर फूलों से होली खेलेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ की जाएगी। शाम 7 बजे से भजन गायक विशाल शर्मा गीतों की प्रस्तुति देंगे। छत्रीबाग स्थित श्री रामद्वारा में इन दिनों श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ जारी है। कथा का वाचन संत हरीराम महाराज शास्त्री जोधपुर वालों के मुखारविंद से हो रहा है। इसमें राम और कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

# किसान से सात हजार रुपये रिश्वत लेते पंचायत सहायक सचिव रंगेहाथ गिरफ्तार

**सिटी चीफ भोपाल।**
लोकायुक्त भोपाल की टीम ने तहसील बैरसिया की ग्राम पंचायत रतुआ रतनपुर के सहायक सचिव विनोद सेन को किसान रंजीत सिंह से सात हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। शनिवार दोपहर को यह कार्रवाई की गई। आरोपित ने फरियादी किसान से घूस की राशि पोखर बनवाने की स्वीकृति दिलवाने के नाम पर मांगी थी। लोकायुक्त पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, किसान रंजीत सिंह को अपने खेत में पोखर बनवाना था। पोखर बनवाने की स्वीकृति प्रदान करवाने के लिए पंचायत के सहायक सचिव विनोद सेन ने किसान से सात हजार रुपये



की रिश्वत मांगी थी। रंजीत सिंह ने इस बात की शिकायत एसपी लोकायुक्त मनु व्यास से की थी। शिकायत का सत्यापन करने के बाद आरोपित को रंगे हाथों पकड़ने की योजना बनाई गई। पान की दुकान के पास पकड़ा लोकायुक्त एसपी के निर्देश पर शनिवार को डीएसपी वीरेंद्र सिंह, निरीक्षक नीलम पटवा, रजनी तिवारी की टीम जनपद पंचायत बैरसिया कार्यालय के आसपास सक्रिय हो गई थी। कार्यालय के पास बनी पान की दुकान के सामने जैसे ही पंचायत सहायक सचिव ने किसान से रुपये लिए, लोकायुक्त की पुलिस ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। आरोपित 38 वर्षीय विनोद सेन को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 07 के अंतर्गत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया गया। विनोद सेन वर्ष 2013 से सहायक सचिव/ग्राम रोजगार सहायक के पद पर ग्राम पंचायत रतुआ रतनपुर में कार्यरत है।

# निर्दलीय व छोटे दलों का मत प्रतिशत 17 से घटकर चार तक आया

**सिटी चीफ भोपाल।**
लोकसभा चुनावों में मप्र की जनता राष्ट्रीय मुद्दों को ही महत्व दे रही है। यही वजह है कि यहां निर्दलीय और अन्य दलों की दाल नहीं गल रही है। वर्ष 1996 के लोकसभा चुनाव में निर्दलीय और अन्य का मत प्रतिशत करीब 17.5 था, जो अब चार पर आ गया है। अन्य से तात्पर्य राष्ट्रीय, क्षेत्रीय पार्टियों के अतिरिक्त अन्य दलों से है। इनके अतिरिक्त बसपा, सपा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) का मत प्रतिशत भी लगातार गिरा है।निर्दलीय उम्मीदवारों को प्रदेश में वर्ष 2019 में 1.9 और वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में 1.8त्न मत मिले थे। ऐसा नहीं है कि सभी राज्यों में निर्दलीयों की ऐसी ही स्थिति है। कुछ राज्यों में वह एक प्रतिशत भी मत प्राप्त नहीं कर पाते तो कुछ जगह पांच




प्रतिशत से भी अधिक मत उन्हें मिले हैं। विधानसभा चुनाव में प्रदेश में 100 से अधिक राजनीतिक दल चुनाव मैदान में उतरते हैं। इसमें मान्यता प्राप्त दलों के अतिरिक्त अधिकतर गैर मान्यता प्राप्त होते हैं पर लोकसभा चुनाव में दलों की संख्या कम रहती है। 2019 में 80 दलों ने प्रत्याशी मैदान में उतारे थे। विधानसभा चुनाव की बात करें तो हर चुनाव में चार से आठ निर्दलीय उम्मीदवार जीतकर आए हैं। हालांकि, इनमें अधिकांश ने बाद में दूसरे दलों का दामन थाम लिया। वर्ष 1989 में कंकर मुंजारे बालाघाट से निर्दलीय लोस चुनाव जीते थे। अब वे कांग्रेस में हैं।

# स्वयं के अखंड सौभाग्य की प्रार्थना के साथ मां गौरा की हुई मुंह दिखाई

## बड़वाले महादेव मंदिर में उमड़ीं महिला श्रद्धालु

**सिटी चीफ भोपाल।**
पुराने शहर के कायस्थपुरा में स्थित श्रीबड़वाले महादेव मंदिर में 21 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत शिव-पार्वती के मंगल विवाह से जुड़ी विभिन्न रस्में निभाई जा रही हैं। इसी तारतम्य में शनिवार को मंदिर में मां गौरा की मुंह दिखाई की रस्म हुई। इस मौके पर मंदिर में महिला श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मुंह दिखाई किसी भी नई दुल्हन के ससुराल पहुंचते ही होने वाली सबसे अहम होती है। मंदिर समिति के संजय अग्रवाल ने बताया कि मां गौरा का दूल्हन स्वरूप में शृंगार कर एक मंच पर विराजित किया गया। बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने सुहाग



सामग्री व अन्य चढ़ावा चढ़ाकर मातारानी के मुखारबिंद को निहारा एवं स्वयं के अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की। ढोलक की थाप पर मेरी प्यारी सी गौरा बनी है दुल्हनिया..., मेरी गौरा लाडो पार्वती तेरा दूल्हा सबसे न्यारा है..., सज के बेठें हैं भोले बाबा..., ब्रह्मा विष्णु बजा रहे बाजा...., अपनी तो जैसे-तैसे भांग धतूरा खाके कट जाएगी..., आपका क्या होगा मेरी गोरा रानी..., जैसे भजनों की स्वर लहरियों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर बबीता अग्रवाल, कृति लाला, रानी अग्रवाल, रंजना जाधव, रश्मि फुलवानी, तोशी गर्ग सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। छप्पन भोग व भंडारा आज प्रमोद नेमा ने बताया कि 17 मार्च रविवार को भगवान श्री बटेश्वर व गौरा की रजत प्रतिमा का दूल्हा-दूल्हन स्वरूप में शृंगार कर छप्पन भोग अर्पित कर शाम सात बजे महाआरती की जाएगी। रात नौ बजे से महाप्रसादी का वितरण होगा। 22 मार्च को होली उत्सव व माताजी की विदाई के साथ 21 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का समापन किया जाएगा।

# पांच मिनट में पुलिस ने छह लोगों को बाहर निकाला, उधर आग का गोला बन गई कार

**सिटी चीफ भोपाल।**
भदभदा पुल के पास बनी पुलिस चौकी के पास शनिवार रात तेज रफ्तार कार खंभे से टकराकर पलट गई। हादसा होते ही लग्जरी कार के गेट लाक हो गए थे। साथ ही उसमें आग लगना भी शुरू हो गई। चौकी पर मौजूद पुलिस ने तत्काल बचाव कार शुरू करते हुए कांच तोड़ने के बाद पांच मिनट में दो महिलाओं सहित छह लोगों को एक-एककर सकुशल से कार से बाहर निकाल लिया। उधर देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। रातीबड़ थाना पुलिस के मुताबिक कोलार के दानिश कुंज में रहने वाला परिवार शनिवार रात को गोरा गांव स्थित एक रेस्टोरेंट में भोजन करने पहुंचा था। रात में सभी अपनी



लग्जरी कार से वापस घर लौट रहे थे। रात 10~40 बजे कार भदभदा के पुराने पुल पर स्थित पुलिस चौकी के पास अनियंत्रित होकर खंभे से टकराकर पलट गई। घटना के समय रातीबड़ थाना प्रभारी राघवेंद्र सिंह सिकरवार सूरज नगर तिराहा पर चेकिंग प्वाइंट पर थे। हादसे की जानकारी मिलते ही वह पुलिस टीम को लेकर मौके पर पहुंचे।

**कार के गेट लाक**
राघवेंद्र सिंह ने बताया कि कार पलटने पर उसके सभी गेट लाक हो गए थे। सवार कार के अंदर बुरी तरह फंसे हुए थे। साथ ही कार से धुआं निकलना शुरू हो गया था। पुलिस ने कार के सभी कांच तोड़कर एक-एककर अंदर फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, तब तक कार में आग लगना शुरू हो गई थी। सभी लोगों के बाहर निकलने के कुछ ही समय बाद अचानक आग भड़क गई और कार पूरी तरह से आग का गोला बन गई। मौके पर पहुंची दमकलों के आग पर काबू पाया। सभी कार सवारों को पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। सौभाग्य से किसी को भी गंभीर चोट नहीं लगी थी। इस वजह से सभी को अस्पताल से छुट्टी भी मिल गई।

# आचार संहिता लगते ही मैदान में उतरा नगर निगम अमला, हटाए एक हजार से अधिक बैनर-पोस्टर

**सिटी चीफ भोपाल।**
लोकसभा चुनाव 2024 के तहत आचार संहिता लागू होते ही नगर निगम द्वारा संपत्ति विरूपण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दरअसल कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने आदेश जारी किया है कि कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के किसी भी संपत्ति पर स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लेखन एवं चिह्नित विरूपित नहीं करेगा। यदि ऐसा करता है तो उसके खिलाफ दंडात्मक एवं एक हजार से अधिक के जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी।इसी आदेश का पालन करते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निगम अमले ने लगभग एक हजार से अधिक फ्लैक्स, बैनर, झंडे, पोस्टर, बोर्ड आदि हटाने की कार्रवाई की है। **निगमायुक्त के आदेश पर कार्रवाई** नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार आचार संहिता के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए 21 जोन के सभी 85 वार्ड




क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों, शासकीय भवनों आदि पर लगाई गई विभिन्न प्रकार की सामग्री को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण के निर्देशन में की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक निगम के संपत्ति विरूपण दलों ने निगम सीमा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए लगभग एक हजार 180 फ्लैक्स,बैनर, झंडे, पोस्टर, पंपलेट तथा अन्य प्रकार की सामग्री हटाने की कार्रवाई की है।नगर निगम द्वारा यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

**दल गठित** - चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनीतिक दल, चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी या विज्ञापन कंपनियों द्वारा किसी भी शासकीय, अशासकीय संपत्ति को संबंधित विभाग या भवन स्वामी की बिना अनुमति के विरूपित किया जाता है तो इसकी शिकायत थाने में की जा सकती है। इसके अलावा शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र में कार्रवाई करने के लिए पांच दलों का गठन भी किया गया है।

# सुलझी कत्ल की गुत्थी, नशे की लत लगाने की बात पर पिता ने पीटा था, बदला लेने के लिए बेटे को मार डाला

**सिटी चीफ भोपाल।**
हनुमानगंज थाना पुलिस ने नवबहार सब्जी मंडी के खंडहर मकान में हुई 13 वर्ष के बालक की हत्या के मामले को सुलझा लिया है। इस मामले में मृत बालक के 16 और 14 वर्ष के दो नाबालिग दोस्तों को अभिरक्षा में लेकर वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पूछताछ में पता चला कि ये लोग अपने साथी को सुलोचन का नशा करना सिखा रहे थे। इस बात का पता चलने पर बालक के पिता ने पिछले दिनों इन दोनों की पिटाई कर दी थी। उसका बदला लेने के लिए इन्होंने बालक की हत्या कर दी। एसीपी हनुमानगंज राकेश बघेल ने बताया कि मूलत~ परासिया, छिंदवाड़ा निवासी राकेश बरैया मंगलवारा ब्रिज के नीचे




फुटपाथ पर परिवार के साथ रहता है। यहां पर उसके समाज के और भी लोग रहते हैं। ये लोग बांस की टोकनी आदि बनाने का काम करते है। राकेश का 13 वर्ष का बालक समाज के हम उम्र बालकों के साथ सब्जी मंडी में कचरा-पन्नी बीनने का काम करता था। उसके दो साथी सुलोचन (पंक्चर जोड़ने के काम आने वाला तरल पदार्थ) सूंघकर नशा करने के आदी थे। वे लोग पिछले कुछ दिनों से राकेश के बेटे को भी सुलोचन सूंघने का नशा करा रहे थे। इस बात का पता चलने पर दो दिन पहले राकेश ने बेटे के दोनों साथियों को जमकर फटकार लगाते हुए थप्पड़ भी मार दिए थे। उसके बाद से दोनों राकेश को सबक सिखाने की मौका तलाश रहे थे। शौच के बहाने खंडहर में ले जाकर मार डाला सब्जी मंडी में इदरीश मियां का एक बड़ा खंडहर नुमा मकान है। ये लोग अक्सर उसके अंदर जाकर शौच करते थे। गुरुवार दोपहर करीब एक बजे दोनों किशोर राकेश के बेटे को शौच जाने के बहाने से खंडहर में ले गए थे। वहां पहले उसके सिर पर पत्थर मारा, फिर चाकू से गले, पेट में कई वार कर दिए और वहां से भाग गए थे। हत्या में प्रयुक्त चाकू उन्होंने मंगलवारा के एक नाले में फेंक दिया था।

# भोपाल में चार स्थानीय अवकाश घोषित, यहां देखें कब-कब रहेगी सरकारी छुट्टी

**सिटी चीफ भोपाल।**
राज्य शासन ने वर्ष 2024 में भोपाल स्थित सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए 04 स्थानीय अवकाशों की घोषणा की है। प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक इस साल अनंत चतुर्दशी पर्व के मौके पर बुधवार 17 सितंबर को भोपाल में स्थानीय अवकाश रहेगा। अनंत चतुर्दशी को दसदिवसी गणेशोत्सव का समापन होता है, नगर में भव्य चल समारोह निकलते हैं और गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन




होता है। अक्टूबर में दशहरा (12 अक्टूबर) से एक दिन पहले महाअष्टमी/महानवमी के अवसर पर 11 अक्टूबर शुक्रवार को भी अवकाश रहेगा। वहीं दीपावली (31 अक्टूबर) के अगले दिन 01 नवंबर शुक्रवार को भी भोपाल में स्थानीय अवकाश रहेगा। यानी दशहरा और दीपावली पर भोपाल में लगातार दो दिन शासकीय कार्यालय व संस्थाएं बंद रहेंगी। इसके अलावा गैस त्रासदी स्मृति दिवस (केवल भोपाल शहर के लिए) मंगलवार 03 दिसंबर को भी हर साल की तरह इस साल भी स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

# वाट्सएप ग्रुप पर विवाद, कु ो से कटवाने की कोशिश, पड़ोसियों को बेल्ट से पीटा

**सिटी चीफ भोपाल।**
अवधपुरी थाना क्षेत्र की एक निजी कालोनी की सोसायटी के वाट्सएप ग्रुप में चैटिंग को लेकर पिछले दिनों एक व्यक्ति की अपने दो पड़ोसियों से अनबन चल रही थी। शुक्रवार सुबह टहलने के दौरान तीनों आमने-सामने आ गए। इस दौरान पहले तो उस व्यक्ति ने अपने पालतू कुत्ते को दोनों को काटने के लिए उकसाया। साथ ही कुत्ते का बेल्ट खोलकर दोनों के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने सोसायटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरोपित के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया है। अवधपुरी थाना पुलिस के मुताबिक वेदवती कालोनी निवासी 55 वर्षीय बृजकिशोर मिश्रा वेदवती सोसायटी के सदस्य हैं। शुक्रवार सुबह सात बजे वह अपने पड़ोसी रजनीश पांडे के साथ कालोनी में टहल रहे थे। इस दौरान अपने पालतू कुत्ते के साथ कालोनी में घूमने निकले सोसायटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविकांत मिश्रा से उनका आमना-सामना हो गया। उन्हें देखते ही रविकांत ने गालीगलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर रविकांत ने कुत्ते के गले



से पट्टा खोला और कुत्ते को दोनों को काटने के लिए उकसाने लगे। साथ ही कुत्ता बांधने के बेल्ट से दोनों के साथ मारपीट कर दी। इससे दोनों को चोट लगी। पुलिस ने रविकांत मिश्रा के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया है। फरियादी बृजकिशोर मिश्रा ने पुलिस को बताया कि सोसायटी के बने वाट्सएप ग्रुप पर एक सप्ताह पहले किसी पोस्ट को लेकर चर्चा हो रही थी। जिसके बाद सोसायटी के अध्यक्ष द्वारा मनोनीत वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविकांत मिश्रा द्वारा ग्रुप पर ही धमकी दी गई थी। उन्होंने लिखा था कि बाहर आपको मारूंगा, हालांकि उन्होंने कुछ देर बाद अपने द्वारा लिखी धमकी को डिलीट भी कर दिया था। शुक्रवार सुबह उन्होंने मारपीट कर दी।

# जल्द ही 14 साल पुराने स्वरूप में नजर आएगा बैरागढ़ बाजार

## मेन रोड पर सिंगल डिवाइडर का काम शुरू

**सिटी चीफ भोपाल।**
संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) का मुख्य बाजार जल्द ही 14 साल पुराने स्वरूप में नजर आएगा। लोक निर्माण विभाग ने बीआरटीएस कारिडोर हटाकर सिंगल डिवाइडर बनाने का काम तेज कर दिया है। इस माह के अंत तक कारिडोर का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। कुछ हिस्से पर चौड़े हुए रोड पर यातायात शुरू भी हो गया है। गौरतलब है कि पीडब्ल्यूडी ने मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के निर्देश पर 20 जनवरी को हलालपुर से बीआरटीएस लेन हटाने का काम शुरू किया था। कुछ समय तक काम बंद किया गया। अब इसकी गति बढ़ा दी गई है। बैरागढ़ के



पुराने बस स्टैंड के सामने के हिस्से में सिंगल डिवाइडर बना दिया गया है। बस स्टापेज हटाने के बाद यहां डामरीकरण भी कर दिया गया है। चौड़ी सड़क पर वाहनों की सुगम आवाजाही हो रही है। अगले चरण में चंचल रोड से सीहोर नाके तक कारिडोर हटाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीआरटीएस कारिडोर का निर्माण वर्ष 2010 में किया गया था। वर्ष 2011 से यहां परिवहन शुरू हुआ था। निर्माण से पहले मेन रोड पर सिंगल डिवाइडर था। अब मेन रोड उसी स्थिति में नजर आने लगा है। पार्किंग बनने से मिलेगी राहत कारिडोर हटाने के बाद कुछ निर्माणाधीन हिस्से पर लोग शाम के समय अस्थायी रूप से कार खड़ी कर रहे हैं, इसके बावजूद मेन रोड पर अब जाम नहीं लग रहा है। कपड़ा व्यापारी संघ ने कारिडोर हटाने का काम पूरा होने के बाद मेन रोड के दोनों छोर पर पार्किंग विकसित करने का सुझाव दिया है। कपड़ा संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी एवं महासचिव दिनेश वाधवानी का कहना है कि जिस नगर निगम ने न्यू मार्केट में दोनों छोर पर कार पार्किंग विकसित की है, उसी तरह मेन रोड पर भी पार्किंग बननी चाहिए। बाजार में त्योहारों के समय बड़ी संख्या में लोग खरीदी करने आते हैं। मल्टीपार्किंग में भी कार खड़ी करने की जगह नहीं मिलती। इस कारण मजबूरी में रोड पर ही वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। मेन रोड पर पार्किंग विकसित होने से यह समस्या खत्म हो सकती है।

## संपादकीय

# अपनी स्वतंत्रता का चुनाव करें, या हम केंद्रीयवाद की तरफ बढ़ रहे हैं

*अगर आदर्श रूप से देखें, तो किसी देश की सरकार चुनने के लिए चुनाव, दरअसल एक सामान्य राष्ट्रीय उद्देश्य या उद्देश्यों के लिए लोगों को एकजुट करने के लिए होना चाहिए। लोग ए। लोग भले ही अपने वोट पार्टी ए या फिर बी और या फिर कई पार्टियों में बांट कर दें, लेकिन उद्देश्य समान होना चाहिए। वोटों का यह विभाजन स्वाभाविक और स्वस्थ है और यह कोई स्थायी बिगाड़ पैदा नहीं करेगा। भारत में शुरुआती कुछ चुनाव असंतुलित थे। कांग्रेस अकेला संगठित दल था। जवाहरलाल नेहरू एक महान नेता थे। उस वक्त कांग्रेस के प्रतिरोध में कुछ ही आवाजे थीं। दो समान ताकत वाले प्रतिद्वंद्वियों के बीच पहला वास्तविक चुनाव 1977 में हुआ। आपातकाल के बाद की परिस्थितियों में जयप्रकाश नारायण विपक्षी दलों को एक छतरी के नीचे लाए। जनता पार्टी की जीत निर्णायक थी, लेकिन इसने भारतीयों को बांट दिया। उत्तरी रायों ने एक तरह से, तो दक्षिणी रायों ने दूसरी तरह से मतदान किया। उत्तर और दक्षिण का यह विभाजन 1977 से कायम है। कुछ अपवादों के साथ बाद के चुनावों में भी उत्तर और दक्षिण के मतदान के तरीकों में फर्क रहा। हिंदी भाषी और हिंदी जानने वाले उत्तरी रायों में प्रमुख प्रतिद्वंद्विता कांग्रेस और भाजपा में रही। धीरे-धीरे, लेकिन मजबूती के साथ भाजपा यहां कांग्रेस से आगे निकल गई। लेकिन दक्षिण रायों की स्थितियां अलग थीं। 1977 के बाद हुए चुनावों में यहां के क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस को चुनौती दी। तमिलनाडु में द्रमुक और अन्नाद्रमुक, आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम और वाईएसआरसीपी, तेलंगाना में टीआरएस, कर्नाटक में जद (एस) और केरल में कम्युनिस्ट के नेतृत्व वाला एलडीएफ। भाजपा इस भीड़ भरी लड़ाई में घुसपैठ नहीं कर सकी। हालांकि कर्नाटक में उसने ऐसा किया, लेकिन नतीजे मिले-जुले ही रहे। क्षेत्रीय दलों की सफलता ने उत्तर और दक्षिण के बीच दूरियां बढ़ा दी हैं। दरअसल, दक्षिणी रायों की क्षेत्रीय पार्टियां भाजपा को लेकर बेहद सशंकित हैं। भाजपा को हिंदी, हिंदू और हिंदुत्व की पार्टी के रूप में चित्रित करने में कांग्रेस से यादा बड़ी भूमिका इन्हीं क्षेत्रीय दलों की रही है। क्षेत्रीय भाषा पर अभिमान, सभी धार्मिक समूहों की स्वीकार्यता और समाज सुधारकों की विरासत ने दक्षिणी रायों के लिए एक अलग रास्ता तय किया है। राजस्व के हस्तांतरण में कथित भेदभाव, क्षेत्रीय भाषाओं पर हिंदी का प्रभुत्व और भोजन, वस्त्र, संस्कृति इंत्यादि मामलों में मान्यताओं के एक सेट को बढ़ावा देने से दक्षिणी रायों का संशय और गहराता है। इसके अलावा, भाजपा ने रायों की स्वायत्तता को कम करने वाले कई कानून बनाकर केंद्र-राय संबंधों में केंद्रवाद का जहर भी घोला है। भाजपा ने कानूनों को हथियार बनाकर क्षेत्रीय दलों को कमजोर बनाने और उन पर काबू रखने के लिए खुलेआम उनका इस्तेमाल भी किया है। नतीजा, उत्तर और दक्षिण के बीच की दूरी दुर्भाग्यवश और बढ़ गई है। कांग्रेस के प्रति भाजपा का दृष्टिकोण तो स्पष्ट है। वह कांग्रेस-मुक्त भारत चाहती है यानी ऐसा भारत जिसमें कांग्रेस का एक पार्टी के तौर पर अस्तित्व ही न हो। लेकिन गैर-कांग्रेसी दलों के प्रति भी उसका रवैया यहीं है। ऐसा महूसस होतां है कि वह कुछ समय के लिए किसी क्ष्त्रेत्रीय पार्टी के साथ गठबंधन भले कर ले, लेकिन उसका अंतिम उद्देश्य उस पार्टी को खत्म करना ही है। जनता पार्टी, अकाली दल, आईएनएलडी, बसपा और जद (एस) सभी इसके उदाहरण हैं। इसने देश के उत्तरी-पूर्वी रायों की क्षेत्रीय पहचान एकदम खत्म कर दी है। एक समय पर इसने टीएमसी, वाईआरएससीपी और टीआरएस से दोस्ती की थी, लेकिन उसका लक्ष्य क्रमश: पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से उन्हें खत्म करना था और है भी। महाराष्ट्र, ओडिशा और हरियाणा में भी लक्ष्य एक ही है। द्रमुक और अन्नाद्रमुक समय रहते जाग गए। शिवसेना, एनसीपी और जजपा देर से जागे। जल्द ही आइएलडी, बीजेडी और टीडीपी को एहसास हो जाएगा कि अगर भाजपा केंद्र में मजबूत होती है, तो उनका क्या होगा। भाजपा अपने मूल एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए लोगों से पार्टी को 370 सीटें देने के लिए कह रही है। हालांकि इसका हिंदुत्व अभियान अयोध्या और काशी तक सीमित नहीं रहने वाला। हिंदू मंदिरों के पास और मस्जिदों पर विवाद खड़ा किया जाएगा। यादा शहरों और सड़कों का नाम बदला जाएगा। नागरिकता संशोधन कानून, 2019 बीती 11 मार्च, 2024 की अधिसूचना के साथ जारी हुआ है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का जो प्रयोग किया गया, उसे दोहराते हुए संसद में कानून पारित किया जाएगा। संविधान में संशोधन करके एक राष्ट्र एक चुनाव के विचार को कानून बनाया जाएगा। संघीय मूल्य और संसदीय लोकतंत्र कमजोर होता जाएगा और देश राष्ट्रपतीय शासन प्रणाली के नजदीक पहुंच जाएगा, जिसमें सभी शक्तियां एक ही आदमी में केंद्रित होंगी। दुर्भाग्य से बहुत से लोग केंद्रीयवाद का स्वागत करेंगे, क्योंकि सचे लोकतांत्रिक मूल्यों को हमारे परिवारिक, सामाजिक और राजनीतिक ढांचे में पूरी तरह से आत्मसात नहीं किया गया है। विकास के नाम पर हम अमीरों को यादा अमीर होते देखेंगे और निचले 50 फीसदी लोगों से कहेंगे कि वे कुल संपत्ति के तीन फीसदी और राष्ट्रीय आय के तेरह फीसदी हिस्से से संतुष्ट रहें। सामाजिक व सांस्कृतिक पराधीनता व उत्पीड़न जारी रहेगा। आर्थिक विषमताएं अधिक बढ़ेंगी। ये कोई कल्पित डरावनी कहानी नहीं है। इतिहास हमें सिखाता है कि स्वतंत्रता व विकास सुनिश्चित करने के लिए समय- समय पर शासन को बदलना जरूरी होता है। यूरोप और अमेरिका में भी ऐसा ही होता है। दक्षिण अमेरिका और अफ्रीका के देशों ने यह सबक नहीं सीखा, तो आज सत्तावादी सरकारों से पीड़ित हैं। भारत में हमने सबक तो सीखे थे, लेकिन महसूस होता है कि हम उन्हें भूल चुके हैं। चीन, रूस, तुर्की और ईरान के उदाहरण सामने हैं। पूरी दुनिया भारत के चुनावों पर नजर रखे है।*

# वाद्य सीखना जिंदगी को बदल सकता है




वर्तमान समय में बचों के लिए संगीत शिक्षा का महत्व बढ़ता ही जा रहा है और यह जरूरी भी है, क्योंकि संगीत सीखना न केवल बेहतर शैक्षणिक उपलब्धि से जुड़ा है, बल्कि बचों में सोच और बुद्धि के विकास से भी जुड़ा है। यही वजह है कि आजकल माता-पिता अपने बचों की संगीत शिक्षा पर खास तवजो दे रहे हैं। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ जेरिएट्रिक साइकियाट्री में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध लोगों में जो संगीत से जुड़े होते हैं, उनकी याददाश्त, कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने, योजना बनाने और आत्म-नियंत्रण रखने की क्षमता उन लोगों की तुलना में बेहतर पाई गई, जिनके पास संगीत का ज्ञान कम या बिल्कुल नहीं था। लेकिन यह जरूरी नहीं है कि संगीत शिक्षा के अंतर्गत केवल वाद्ययंत्र बजाकर ही व्यक्ति का मानसिक विकास हो सकता है। अगर आप गाते हैं, तो उसके भी अपने फायदे हैं। फिर गायन में आपको वाद्ययंत्र सीखने की भी जरूरत नहीं होती। हालांकि, अगर दोनों में तुलना की जाए, तो अध्ययन के निष्कर्ष के मुताबिक, गायन की तुलना में वाद्ययंत्र बजाने से दिमागी स्वास्थ्य बेहतर होता है। 1993 में नेचर में प्रकाशित एक अध्ययन में बताया गया कि छात्रों ने मोजार्ट नामक वाद्ययंत्र बजाने के बाद बुद्धि परीक्षणों में उच अंक प्राप्त किए, जिससे यह प्रमाणित होता है कि खुद को और अपने बचों को संगीत का ज्ञान देना आवश्यक है, क्योंकि संगीत बजाने या सुनने से कई लाभ होते हैं। अध्ययन के अनुसार, उम्र बढ़ने के साथ-साथ वाद्ययंत्र बजाने या गायन से हमारी मानसिक सेहत को लाभ मिलता है। आपने देखा होगा कि कई खिलाड़ी खाली वक्त में संगीत सुनना पसंद करते हैं। उससे उन्हें शांति मिलती है। लेकिन वाद्ययंत्र बजाना सीखने से शरीर और दिमाग में संतुलन तो बना ही रहता है, संगीत की समझ भी विकसित होती है। यही नहीं, यह आपकी पूरी शख्सियत पर असर डालता है। हालांकि, अभी यह प्रमाणित होना बाकी है कि क्या संगीत से पार्किंसंस जैसी बीमारियों में स्पष्ट फायदां होता है या नहीं। पर, यह तय है कि वाद्ययंत्र बजाना सीखने से आपकी जिंदगी की लय-ताल में भी संतुलन आता है।

# एल डोराडो खतरे में है, पुतिन की नजर से उभरी है आशंका



स्वीडन मार्च के दूसरे सप्ताह में नाटो का 32वां सदस्य बन गया। प्रधानमंत्री उल्फ क्रीस्तेरसॉन ने वाशिंगटन में नाटो की सदस्यता हासिल की। इसके साथ स्वीडन ने करीब दो सौ साल पुरानी कूटनीतिक तटस्थता को खत्म कर दिया। रूस व अमेरिका के लंबे शीतयुद्ध के दौरान स्वीडन तटस्थ रहा, मगर यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद यूरोप में खौफ पेसरा है। वर्ष 2022 की जनवरी की बात है, तब तक यूक्रेन पर रूस का कहर शुरू नहीं हुआ था। बाल्टिक सागर में रूस के छह जंगी जहाज गश्त करते नजर आए। लिथुआनिया और पोलैंड की सीमा पर कैलिनिनग्राद में रूस का नौसैनिक अड्डा है। ये जहाज यहीं से आए थे। स्वीडन की पुलिस को पता चला कि स्वीडन के नाभिकीय संयंत्रों के आसपास कई ड्रोन देखे गए हैं। चौबीस घंटे के भीतर ही स्वीडन ने गोटलैंड के द्वीप पर सैन्य तैनाती में जबर्दस्त बढ़ोतरी कर दी। गोटलैंड पर इस कदर सैन्य तैनाती शीतयुद्ध के दशकों में भी नहीं देखी गई थी। रूस और स्वीडन के रिश्तों का इतिहास ही लंबी शत्रुता का है। 12वीं से 19वीं सदी तक रूस और स्वीडन के बीच करीब एक दर्जन युद्ध हुए हैं और कड़वाहट अब भी जारी है। यूक्रेन पर हमले के बाद स्वीडन गोटलैंड द्वीप पर रूस के हमले को लेकर बेहद सशंकित है। यही डर उसे शताब्दी पुरानी कूटनीतिक तटस्थता छोड़कर नाटो की शरण में ले आया है। गोटलैंड बाल्टिक सागर में इतिहास का सबसे जीवंत स्मारक है। बांधिए कुर्सी की पेटी, टाइम मशीन अब रूस होते हुए गोटलैंड की तरफ उड़ान भरने को तैयार है। टाइम मशीन 16वीं-17वीं सदी में उड़ान भर रही है। ठीक पहचाना आपने यह रूस के पहले जार आइवन द टेरबिल हैं, जो मध्ययुगीन मस्कोवी शासन को रूस के दक्षिण में फैला रहे हैं। आइवन द टेरबिल ने मध्य एशिया से लेकर काला सागर के तट तक तातारों-कजाकों के शासन वाले इलाके और अस्त्राखान के खानेत को अपनी ताकत का एहसास करा दिया है। मगर इतिहास तो अब बनना शुरू हुआ है। अपनी सीट के सामने लगी स्क्रीन पर देखिए। यह 1708 का साल है। रूस की जानलेवा ठंड के बीच स्वीडन के सम्राट चार्ल्स बारहवें की सेना यूक्रेन के दक्षिण की तरफ बढ़ रही है। स्वीडन के सम्राट चार्ल्स पहले भी रूस की सेना को धूल चटा चुके थे, लेकिन मास्को उनकी पहुंच से दूर रहा। सम्राट की सेना सर्दी से हार रही थी। फिर भी हमला जारी था। पीटर द ग्रेट ने चार्ल्स को रोकने के लिए पोल्टावा के किले से जवाब देना शुरू कर दिया। 1708 में जंग की शुरुआत हुई। पहली मुठभेड़ भारी पड़ी। रूसी सेना की गोलाबारी में स्वीडन के सम्राट चार्ल्स घायल हो गए। किसी तरह जान तो बच गई, अलबत्ता सम्राट युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं थे। इसलिए सेना की कमान फील्ड मार्शल कार्ल गुस्ताव रेंकिओल्ड और जनरल लुडविग ल्यूनहॉप्ट को दे दी गई। इस इलाके पर मंडराते हुए हमें दिखेगा कि एक माह तक अलग-अलग मोर्चों पर स्वीडन और रूस की सेना के बीच भयानक जंग हुई। मगर स्वीडन की सेना टिक नहीं पाई। 10,000 से ज्यादा सैनिक मारे गए या कैद कर लिए गए। स्वीडन के सम्राट चार्ल्स को दक्षिण में ओटोमन साम्राज्य के इलाके में शरण लेनी पड़ी। पोल्टावा की हार के साथ स्वीडन के साम्राज्य विस्तार की उम्मीद हमेशा के लिए खत्म हो गई। पीटर द ग्रेट काला सागर से लेकर बाल्टिक तट तक राज करने लगे। टाइम मशीन अब बाल्टिक तट पर सेंट पीटर्सबर्ग के ऊपर उड़ान भर रही है। स्वीडन हार तो गया, लेकिन पीटर द ग्रेट बाल्टिक सागर से उस पार नहीं जा सके। वह रूस के साम्राज्य को यूरेशियन सीमा से निकाल कर बाल्टिक के दूसरी ओर ले जाना चाहते थे। इसी कोशिश में उन्होंने 1703 में बाल्टिक तट पर सेंट पीटर्सबर्ग शहर बसाया था। बाल्टिक सागर में स्वीडन की ताकत अकूत थी, जिस पर रूस का जोर नहीं चला। ... और अब हम आ गए हैं गोटलैंड पर। स्टॉकहोम के तट से पूर्व की ओर स्थित गोटलैंड पहुंचने में करीब पांच घंटे लगते हैं। यह हिसाब 21वीं सदी का है। एक संप्रभु राष्ट्र के तौर पर अपनी शुरुआत करने वाले छोटे से गोटलैंड पर साम्राज्यवादियों के असंख्य निशान दर्ज हैं। टाइम मशीन अब और पीछे 14वीं सदी से 16वीं सदी की तरफ जा रही है, जब इस द्वीप पर प्रत्येक शताब्दी में किसी न किसी साम्राज्यवादी शासक ने कब्जा किया। कभी जर्मन, तो कभी डैनिश, तो कभी रूसी कब्जे से गुजरते हुए गोटलैंड स्वीडन का हुआ।

टाइम मशीन में बैठने से पहले शायद आपने सुना हो कि नाटो में स्वीडन के प्रवेश से गुस्साए पुतिन अपने बाल्टिक अभियान में गोटलैंड को निशाना बना सकते हैं। गोटलैंड सुंदर तो है ही, अनोखा और मूल्यवान भी है। इसलिए टाइम मशीन आज आई है। पूर्वी यूरोप और बाल्टिक के इलाके में यह उन गिने-चुने इलाकों में से है, जहां मनुष्य के रहने के प्रमाण 8,000 से 6,000 साल पुराने हैं। आइए, 800 से 1150 के युग में चलें।

गोटलैंड वाइकिंग लड़ाके जंग की तैयारी करते दिखेंगे। मगर सबसे दिलचस्प बात यह कि गोटलैंड वाइकिंग का एल डोराडो था। एल डोराडो एक ऐसे शहर की कल्पना है, जहां खजाने दबे हैं। समय के इस दौर में आपको वाइकिंग यहां सोना ढोते दिख जाएंगे। टाइम मशीन की स्पीड बढ़ाते हैं और हम आ गए आठवीं से बीसवीं सदी में। बात 1999 की है, स्वीडिश न्यूज टीवी की एक टीम को चांदी के करीब 150 सिक्कों और पुरातात्विक कांस्य सामग्री की चोरी के बारे में पता चला है।

पुरातत्वविदों की सलाह पर इस टीम ने खोज जारी रखी। जमीन से तीन मीटर नीचे चांदी के सिक्कों का एक बड़ा भंडार मिल गया। गोटलैंड में खबर फैल गई। वर्ष 1999 के बाद के दशकों में गोटलैंड पर वाइकिंग के 700 खजाने मिल चुके हैं। इन खजानों ने पहली बार सिद्ध किया कि वाइकिंग यूक्रेन और रूस पार कर बाइजेंटियन साम्राज्य की सीमाओं तक जाते थे। स्वीडिश पुरातत्व के जानकार मानते हैं कि बांइकिंग खजाने का एक बहुत बड़ा हिस्सा गोटलैंड की जमीनों के भीतर दबा है।

रॉबर्ट डी कपलान ने अपनी किताब द रिवेंज ऑफ ज्योग्राफी में दुनिया के उन अभिशप्त और विवादित भूगोलों का जिक्र किया है, जिनका इतिहास उन्हें कभी भी नए युद्धों से मिलवा सकता है। गोटलैंड इसी तरह का भूगोल है, जो फिर विस्फोटक हो चला है। स्वीडन की जातीय स्मृतियों में रूस आक्रांता के तौर पर स्थापित है। पुतिन भी पुराने जार शासकों की तरह बाल्टिक पर निगाह जमाए हुए हैं। स्वीडन में हल्ला है-रशियन्स आर कमिंग। यह मुहावरा स्वीडन में रूस को लेकर बड़ी हिकारत के साथ इस्तेमाल किया जाता है। अब बाल्टिक का शक्ति संतुलन बदल गया है। नाटो को इस इलाके में मजबूत दखल मिल गई है। टाइम मशीन गोटलैंड में अपनी यात्रा समाप्त कर रही है। इससे पहले कि यहां बम-बारूद बरसने लगें, इतिहास और प्रकृति के आशीर्वाद से भरपूर गोटलैंड पर कुछ समय आप भी बिता लीजिए। हम फिर मिलते हैं, टाइम मशीन के अगले सफर पर....

# ऊँ धारण कर बाबा महाकाल ने दिए दर्शन, भस्मारती के बाद लगाया भोग





*विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज फाल्गुन शुक्ल पक्ष की षष्ठी पर शुक्रवार तड़के भस्म आरती के दौरान चार बजे मंदिर के पट खुलते ही पंडे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित भगवान की प्रतिमाओं का पूजन किया। भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर फलों के रस से बने पंचामृत से कर पूजन किया गया। प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को चांदी का मुकुट, रुद्राक्ष और गुलाब के पुष्पों की माला धारण करवाई गई। आज के श्रृंगार की विशेष बात यह रही कि भस्मआरती में बाबा महाकाल का ऊं से श्रृंगार कर मिष्ठान का भोग लगाया गया। श्रृंगार के बाद बाबा महाकाल के ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्म रमाई गई। भस्म आरती में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से गुंजायमान हो गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर में उज्जैन सतीश सिंह कुशवाह और नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा श्री महाकालेश्वर मंदिर में चल रहे विकास कार्य के लिए 51 हजार की राशि का चेक दिया गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक प्रतीक द्विवेदी द्वारा दानदाता का सम्मान किया गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालु जन जहां स्वेच्छा से दान और भेंट आदि करते हैं, वहीं कर्मचारी, अधिकारी आवश्यकतानुसार त्वरित सेवा के लिए प्रेरित भी करते हैं। इसी क्रम में मंदिर की प्रसाद निर्माण इकाई में प्रभारी कमलेश प्रसाद द्वारा उच्च गुणवत्तापूर्ण नई चक्की की आवश्यकता बताई गई। जिस पर मंदिर सहा. प्रशा. अधिकारी आरके तिवारी की प्रेरणा से बड़ोदा, गुजरात के श्रद्धालु भावेशजी ने 40 हजार पांच सौ रुपये की चक्की मंदिर को भेंट की।*

# राखी सावंत को गिरफ्तारी का डर? आदिल दुर्रानी ने लगाया फरार होने का आरोप

**नई दिल्ली** । बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन राखी सावंत अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। पिछले दिनों उनके एक्स हसबैंड आदिल दुर्रानी ने दूसरी शादी कर ली और बताया कि क्योंकि राखी ने उन्हें धोखे में रखकर शादी की थी, इसलिए उन्हें दूसरी शादी करने का पूरा अधिकार है। अब एक ताजा इंटरव्यू में आदिल ने कहा है कि राखी 'फरार' हैं और पिछले चार महीने से दुबई में रह रही हैं। आदिल दुर्रानी ने एक्ट्रेस के जल्द ही गिरफ्तार होने की बात कही है।



**आदिल दुर्रानी ने की हैं राखी के खिलाफ FIR?** बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत में आदिल दुर्रानी ने कहा,बहुत सारी स्न्ढ्ढक्र फाइल की हैं मैंने राखी के खिलाफ। अब वो दुबई में क्यों है? क्योंकि उसके ऊपर हमने केस किया है उसकी वजह से उसको जमानत नहीं मिल रही है। वो पिछले 4-5 महीनों से भारत से फरार है। इसी वजह से वो अभी दुबई में है। मालूम हो कि राखी सावंत ने आदिल दुर्रानी से शादी करके इस्लाम कुबूल कर लिया था और फिर काफी वक्त तक बुरके में नजर आई थीं। बाद में उन्होंने अपने पति पर धोखेबाज होने का आरोप लगाया और उनके खिलाफ कम्प्लेंट करके उन्हें जेल भिजवा दिया।

**राखी सावंत को नहीं मिल रही है जमानत?** इसी इंटरव्यू में आदिल दुर्रानी ने बताया,अगर वो भारत आती है तो अगले 2 घंटों के भीतर वो सलाखों के पीछे होगी। उसे जमानत नहीं मिल पाएगी क्योंकि 67 का स्न्ढ्ढक्र हमने फाइल किया है, मजिस्ट्रेस, सेशन्स और हाई कोर्ट ने उसकी याचिका अस्वीकार कर दी है। यहां तक कि उसने सुप्रीम कोर्ट में भी जमानत के लिए अर्जी डाली है लेकिन उसकी एप्लिकेशन को तवज्जो नहीं मिली है। बता दें कि सोमी खान से शादी करने को लेकर आदिल दुर्रानी हाल ही में चर्चा का विषय रहे हैं।

**राखी सावंत और आदिल दुर्रानी की कहानी** सोमी खान और सबा खान रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 17 का हिस्सा रहीं थीं। बिग बॉस 12 में इन दोनों ने काफी लंबा सफर तय किया था हालांकि विनर नहीं बन पाईं। आदिल दुर्रानी और राखी सावंत की शादी की बात करें तो पिछले साल शादी में धोखा देने जैसे तमाम आरोपों के बाद दोनों अलग हो गए थे। फरवरी 2023 में आदिल दुर्रानी को गिरफ्तार कर लिया गया था और तकरीबन 5 महीने तक जेल की हवा खाने के बाद उन्हें जमानत मिल गई थी।

## वायरल फोटो पर ट्रोल हुई धनश्री वर्मा का फूटा गुस्सा, कहा- मेरे परिवार पर पड़ा असर



**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा एक पावर कपल हैं। दोनों अक्सर इंस्टाग्राम रील्स में साथ दिखते हैं। धनश्री ट्रोलर्स के निशाने पर रहती हैं। हाल ही में उनकी एक फोटो आई जिसमें वह कोरियोग्राफर प्रतीक उतेकर के साथ नजर आईं। उनकी यह फोटो वायरल हुई थी। यूजर्स ने इसे गलत तरीके से लिया और उन्हें ट्रोल करने लगे। धनश्री ने अब एक वीडियो शेयर किया और ट्रोलिंग पर बात की।

**ट्रोलिंग पर बोलीं धनश्री** धनश्री ने बताया कि इन सबसे उन पर फर्क पड़ता है। उन्होंने कहा, 'मैं अपनी जिंदगी में कभी भी ट्रोल या मीम्स से प्रभावित नहीं हुई हूं क्योंकि जब तक यह हाल में ट्रोलिंग नहीं हुआ था तब तक इसे नजरअंदाज करती थी या फिर जोर से हंसती। निश्चित रूप से मुझमें काफी मैच्योरिटी थी। इस बार मुझ पर प्रभाव पड़ने का कारण यह है कि इससे मेरे परिवार और करीबी लोगों पर असर पड़ा है।

आप सभी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी बात कहने की आजादी है इसलिए आप हमारी और हमारे परिवारों की भावनाओं को भूल जाते हैं या उन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। इसके चलते मैंने सोशल मीडिया से दूर रहने का फैसला लिया और भरोसा करें यह बहुत शांतिपूर्ण था।'

**लोगों को संवेदनशील बनने की दी सलाह** धनश्री ने आगे कहा, 'इससे मुझे यह भी एहसास हुआ कि अगर हम इस माध्यम को इतना निगेटिव बना देंगे तो हम नफरत को फैला रहे हैं। सोशल मीडिया मेरे काम का एक बड़ा हिस्सा है और मैं ऐसा नहीं कर सकती। यही कारण है कि मैंने आज हिम्मत जुटाई और अपना पक्ष रखने के लिए इंस्टाग्राम पर आई हूं। आप लोगों से अनुरोध है कि थोड़ा और संवेदनशील बनें।

अपने टैलेंट और स्किल पर ध्यान केंद्रित करें क्योंकि आखिर में हम सभी यहां आप लोगों के मनोरंजन के लिए हैं। बस यह मत भूलो कि मैं भी एक महिला हूं, बिल्कुल आपकी मां की तरह, आपकी बहन, आपकी दोस्त, आपकी पत्नी की तरह। यह उचित नहीं है। दोस्तों, आप जानते हैं मैं एक फाइटर के रूप में जानी जाती हूं और मैं कभी हार नहीं मानती हूं।'

## बहुत पिटाई करते थे, घर से भाग जाने में उनकी मां ने पिता के साथ बिगड़े रिश्ते पर बोले रवि किशन



**नई दिल्ली** । रवि किशन इन दिनों फिल्म और वेब सीरीज के लिए खूब तारीफें बटोर रहे हैं। किरण राव के डायरेक्शन में बनी लापता लेडीज में वह अहम भूमिका में हैं। फिल्म सिनेमाघरों में लगी हुई है। इसके अलावा उनकी वेब सीरीज मामला लीगल है नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गया है। जिसमें वह एक वकील की भूमिका में हैं। रवि किशन इन दिनों प्रमोशन में बिजी हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि उनके पिता के साथ रिश्ते अच्छे नहीं थे। वह उनकी बहुत पिटाई करते थे। घर से भाग जाने में उनकी मां ने मदद की और तब वह मुंबई पहुंचे।

**घर पर होती थी पिटाई**

रवि किशन ने ब्रूट से बातचीत में अपने पिता के बारे कहा, 'वह एक पुजारी थे और एक ब्राह्मण होने के नाते वह हमेशा चाहते थे कि मैं धार्मिक कार्य, खेती या सरकारी नौकरी करूं। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि एक कलाकार उनके परिवार में, उनके घर में पैदा हो सकता है। रामलीला में डांस करना या सीता का रोल करना, उनके लिए 360 डिग्री का झटका था। वह गुस्से वाले थे। वह सही थे। वह मारते थे और मैं सीखता था। वह मारते थे और मैंने जिंदगी को सीखा। उनकी हर मार मेरे लिए सीख की तरह थी। जिंदगी की सीख थी। इस वजह से रवि किशन बना।'

**पिता को बाद में हुआ गर्व**

रवि किशन ने आगे कहा, 'वह जैसे भी थे मेरे गुरु थे। वह अब दुनिया में नहीं हैं लेकिन आखिर में वह बहुत खुश थे। जब मैंने बहुत पैसे कमाए। मौत से पहले उनकी आंख में आंसू भी थे कि तुम हमारे गौरव हो। हमें गर्व है।'

**कैसे घर से मुंबई पहुंचे**

घर से 500 रुपये लेकर रवि किशन मुंबई पहुंचे थे। उन्होंने मुंबई पहुंचने के सफर पर कहा, 'मेरी मॉम ने दिया (पैसे) था। पापा मार देते हमको जान से। तो मॉम ने हमको भगाया गांव से। मैं जान बचा के भागा था। क्लियर था कि किस्मत जब लिखते हैं नाज जो मेरा मानना है कि सारी चीजें पहले से लिखित हैं। अगर मैं बगैर किसी डांस टीचर के डांसर बन गया, मेरी आवाज ऐसी होने लगी या मैं चीजों को समझने लगा, मैं जिंदगी की सीख को समझने लगा। एक्टिंग या मेरी मेमोरी पावर स्ट्रॉन्ग होने लगी तो यही था कि मुझे सिनेमा में, क्रिएटिव फील्ड में ही जाना है और मुझे उसमें जाना था और मैं लड़ता रहा, लड़ता रहा। वहां पे भी एक लंबी लड़ाई लड़ी।'

## पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा की हुई शादी, सामने आई शादी की फोटो

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर पुलकित सम्राट और कृति खरबंदा की शादी की चर्चा कुछ दिनों से हो रही थी। आखिरकार अब दोनों ने शादी कर ली है। दोनों ने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। दोनों के चेहरे पर एक दूजे के होने की खुशी साफ नजर आई। इनकी ये तस्वीरें देखकर उनके फैंस काफी खुश हैं।

कृति खरबंदा ने अपनी शादी की ये तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। दोनों बेहद खूबसूरत लग रहे हैं। कृति पिंक लहंगा पहनी हुई हैं और पुलकित ने शेरवानी कैरी किया जो पिस्ता रंग की है। एक फोटो में आप देख सकते हैं कि दोनों हाथ में हाथ डालकर चल रहे हैं। दूसरी फोटो में पुलकित कृति को गले लगा रहे हैं और कृति उन्हें किस कर रही है। तीसरी फोटो में पुलकित कृति के गले में मंगलसूत्र पहनाते नजर आ रहे हैं। चौथी फोटो में दोनों के पीछे से फोटो ली गई है और शादी में आए मेहमान उन पर फूल डालते नजर आ रहे हैं। दोनों की शादी काफी धूमधाम से हुई। 14 मार्च को संगीत और मेहंदी का कार्यक्रम रखा गया था। 15 मार्च को कपल शादी के बंधन में बंध गए और उनकी पहली तस्वीर भी सामने आ गई है। फोटो को शेयर करते हुए कृति ने कैप्शन दिया, गहरे नीले आसमान से लेकर सुबह की सूरज की किरणों तक, जीवन में हर उतार-चढ़ाव हमेशा आपके साथ रहेगा। शुरू से अंत तक, हर बार जब मेरा दिल धड़कता है, तो यह केवल आपके लिए होता है।



**पुलकित और कृति की प्रेम कहानी** पुलकित और कृति की प्रेम कहानी के बारे में बात करें तो इनकी मुलाकात पागलपंती के सेट पर हुई थी जो 2019 में रिलीज हुई थी। दोनों पहले दोस्त बने। फिर दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों एक दूसरे को डेट करने लगे। दोनों ने शुरू में डेटिंग की बात पर कोई टिप्पणी नहीं की। हालांकि, फिर दोनों ने आधिकारिक तौर पर अपने रिश्ते को स्वीकार कर लिया। इसके बाद दोनों ने सोशल मीडिया पर खुलकर अपने रिश्ते को लेकर बयान दिया है। पुलकित और कृति ने वीरे की वेडिंग, तैश और पागलपंती में साथ काम किया है।

## बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाई बस्तर : द नक्सल स्टोरी



मुंबई ! द केरला स्टोरी के निर्माता और निर्देशक की अगली फिल्म बस्तर- द नक्सल स्टोरी हाल ही में रिलीज हुई है और इसे दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। द केरला स्टोरी की तरह इस फिल्म पर भी प्रोपेगेंडा फिल्म होने का आरोप लगा और अलग-अलग तरफ से इसका विरोध होने लगा। यह फिल्म नक्सलवाद की भयानक समस्या पर आधारित है। इस फिल्म के साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा रिलीज हुई है लेकिन बस्तर- द नक्सल स्टोरी ने अच्छी कमाई की है। हालांकि, बस्तर- द नक्सल स्टोरी को ज्यादा धूमधाम नहीं मिलने के कारण फिल्म के पहले दिन के आंकड़े चिंताजनक हैं। सैक्निल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, बस्तर- द नक्सल स्टोरी ने पहले दिन महज 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। माना जा रहा है वीकेंड पर फिल्म अच्छी कमाई कर सकती है।

फिल्म मुख्य रूप से भारत में नक्सलवाद की समस्या, इस संघर्ष में हमारे जवानों के बलिदान और हमारी न्यायपालिका और राजनीतिक व्यवस्था की विफलता पर टिप्पणी करती है। इसका निर्माण विपुल अमृतलाल शाह ने किया है और इसमें अभिनेत्री अदा शर्मा, इंदिरा तिवारी की अहम भूमिका है। कहा जा रहा है कि कमाई का आंकड़ा कम है, क्योंकि फिल्म को लेकर अभी ज्यादा चर्चा नहीं हुई है। व्यापार विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया है कि ये संख्या धीरे-धीरे बढ़ेगी।

## सिंगर अनुराधा पौडवाल बीजेपी में शामिल हुईं, अरुण सिंह ने सदस्यता ग्रहण करवाई




**मुंबई-** 90 के दशक की मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल की राजनीतिक पारी की शुरूआत हो चुकी है. पिछले 35 साल भक्ति के संगीत देने वाली अनुराधा बीजेपी में शामिल हुई. गायिका अनुराधा पौडवाल को बीजेपी मुख्यालय में शपथ दिलवाई गई. बीजेपी महासचिव अरुण सिंह ने अनुराधा को पार्टी की पर्ची, शॉल देकर उन्हें बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करवाई. अनुराधा पौडवाल को संगीत के क्षेत्र में किये उनके श्रेष्ठ योगदान के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका हैं. उन्हें भारत सरकार की तरफ से साल 2017 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया है. इसके अलावा उन्हें 4 बार फिल्म फेयर पुरस्कार से और एक बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका हैं.

बीजेपी ज्वाइन करना मेरा सौभाग्य मैं उस पार्टी को ज्वाइन कर रही हूं जिनका सनातन से बहुत गहरा नाता है. मेरा परम सौभाग्य है बीजेपी ज्वाइन करना.अनुराधा ने सर्व मंगल मंगले नारायणी नमस्तुते भजन गाकर बीजेपी मंच से सुनाया. सिंगर अनुराधा पौडवाल ने कहा मुझे बहुत ही खुशी मिल रही है कि मैं आज उन लोगों को ज्वाइन कर रही हूं, उस सरकार को ज्वाइन कर रही हूं जिन का सनातन से इतना गहरा नाता है और मैं खुद पिछले 35 साल से भक्ति के गीत गा रही हूं. राम मंदिर की स्थापना में मुझे पांच मिनट गाने का मौका मिला था. जोकि मेरा एक सपना था. अनुराधा पौडवाल ने कहा मुझे लगता है मैं सही जगह पर हूं. ये मेरा परम सौभाग्य है कि आज मैं आप लोगों को ज्वाइन कर रही हूं.

## अमिताभ बच्चन ने अस्पताल में भर्ती होने की खबर पर तोड़ी चुप्पी, कहा- फेक न्यूज



**नई दिल्ली** । अमिताभ बच्चन को लेकर शुक्रवार को खबर आई कि उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस खबर को सुनने के बाद फैंस काफी परेशान हो गए थे। वहीं फिर अपडेट आया कि बिग बी के पैर की एंजियोप्लास्टी हुई है हालांकि उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। इसके बाद शाम में बिग बी इंडियन स्ट्रीम प्रीमियर लीग में पहुंचे जहां वह अपनी टीम माझी मुंबई को सपोर्ट करते दिखे। फैंस भी बिग बी को देखकर हैरान हो गए थे। बिग बी से फिर इस दौरान उनकी हेल्थ के बारे में पूछा तो जानें उन्होंने क्या कहा।

**क्या बोले बिग बी** दरअसल, जब अमिताभ स्टेडियम से जा रहे थे तब उनसे उनकी हेल्थ के बारे में पूछा गया जहां उन्होंने बीमारी की खबर को गलत बताया। उन्होंने रिपोर्टर को स्माइल करके कहा फेक न्यूज। बिग बी की इस बात को सुनकर फैंस बहुत खुश हैं और प्रार्थना कर रहे हैं कि वह हमेशा स्वस्थ रहें।

**सचिन के साथ शेयर की फोटो** बिग बी ने वैसे स्टेडियम से अपनी और अभिषेक की सचिन तेंदुलकर के साथ फोटो भी शेयर की है। फोटो में तीनों बैठकर बात कर रहे हैं। इस फोटो को शेयर करते हुए बिग बी ने लिखा, 'क्या शानदार एक्सपीरियंस रहा आज शाम आईएसपीएल फाइनल्स में। ग्रेट सचिन तेंदुलकर के साथ टाइम स्पेंड करने का मौका भी मिला और क्रिकेट के बारे में कुछ जानकारी भी मिली।' बिग बी के पोस्ट पर सभी उनके अच्छी सेहत के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। कोई कमेंट कर रहा है आप हमेशा फिट रहें। किसी ने लिखा कि आपको ऐसे हंसता खेलता देख अच्छा लगता है। आपकी उम्र लंबी हो।

**बिग बी की फिल्में** बिग बी की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह अब फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ दीपिका पादुकोण और प्रभास लीड रोल में हैं। दीपिका के साथ तो बिग बी पहले फिल्म पीकू में काम कर चुके हैं। हालांकि प्रभास के साथ बिग बी की पहली फिल्म है। इसके अलावा बिग बी कन्नड़ फिल्म बटरफ्लाई में भी नजर आएंगे।

# 350 करोड़ के बजट में बन रही इस फिल्म के सेट से लीक हुई राम चरण की तस्वीरें

**मुंबई-** राम चरण के फैंस लंबे समय से उन्हें पर्दे पर देखने का इंतजार कर रहे हैं. साल 2022 में वो ऋक्रक्र में दिखे थे, जो ब्लॉकबस्टर रही थी. उसी साल वो 'आचार्या' नाम की एक फिल्म में भी दिखे थे. वहीं इन दिनों वो एक बार फिर से पर्दे पर धमाल मचाने की तैयारी में जुटे हुए हैं. लंबे समय से वो अपनी आने वाली फिल्म 'गेम चेंजर' को लेकर चर्चा में चल रहे हैं. फिलहाल, वो इस फिल्म की शूटिंग में बिजी चल रहे हैं. इसी बीच उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. सामने आई तस्वीरों में राम चरण फॉर्मल ड्रेस में नजर आ रहे हैं. उन्होंने चश्मा लगा रखा है. सोशल मीडिया पर ऐसा कहा जा रहा है कि ये तस्वीरें 'गेम चेंजर' की शूटिंग के दौरान की हैं. अगर सच में ये तस्वीरें 'गेम चेंजर' के सेट की हैं तो इस फिल्म में राम चरण हमें एक नए अवतार में दिख सकते हैं, क्योंकि फोटो में जिस अंदाज में वो नजर आ रहे हैं उस तरह वो शायद ही पहले किसी फिल्म में दिखे हैं.



बता दें कि साउथ सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर एस.शंकर इस फिल्म के डायरेक्शन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं और दिल राजू इस पिक्चर के प्रोड्यूसर हैं. राम चरण के साथ इस पिक्चर में बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी नजर आने वाली हैं.

**बड़े बजट में बन रही है फिल्म**

लंबे समय से इस बात की चर्चा है कि ये एक बिग बजट फिल्म है. रिपोर्ट की मानें तो इस पिक्चर का बजट तकरीबन 350 करोड़ रुपये हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो ये फिल्म इसी साल सितंबर के महीने में रिलीज होने वाली है. हालांकि, मेकर्स की तरफ से रिलीज डेट का अभी ऐलान नहीं किया गया है.

## अमर सिंह चमकीला का सिद्धू मूसेवाला से कम्पेयर पर बोले इम्तियाज अली, कहा- दोनों ने उस बारे में

**नई दिल्ली** । इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला आने वाली है जिसमें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा लीड रोल में हैं। यह फिल्म पंजाबी सिंगर अमर सिंहचमकीला पर बनी है जिनके गाने उनकी मौत के 35 साल बाद भी फेमस हैं। बता दें कि अमर सिंह जब 27 साल के थे तब उन्हें मार दिया गया था। अब हाल ही में एक इवेंट के दौरान जब इम्तियाज से अमर सिंह को सिद्धू मूसेवाला से कम्पेयर किया गया तो फिल्ममेकर ने तुरंत कम्पैरिजन से मना कर दिया। लेकिन उन्होंने दोनों की 2 चीजें कॉमन बताईं। दरअसल, सिद्धू मूसेवाला को भी मार दिया गया था। सिद्धू मूसेवाला से कम्पेयर पर बोले बॉलीवुड हंगामा से बात करते हुए इम्तियाज ने कहा, 'मैंने जो सिद्धू मूसेवाला के गाने सुने हैं उनका टेक्सचर, चमकीला से अलग है, लेकिन एक-दो चीज जो दोनों में कॉमन है वो है दोनों काफी पॉपुलर थे और उनसे कई लोग प्रेरित थे। दोनों ही उस बारे में बात करते थे जो भी उनके आस-पास होता था। तो ये सब बस कॉमन चीज थी।'

# शहडोल जिले में आदर्श आचार संहिता लागू, धारा 144 हुई प्रभावशील

### जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में आयोजित पत्रकारवार्ता



**शहडोल,** लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर की उपस्थिति में पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। पत्रकारवार्ता में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी है तथा धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गए है। उन्होंने बताया कि किसी भी राजनैतिक दल या राजनैतिक व्यक्ति द्वारा शासकीय वाहनों अर्थात केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, शासन के अधिकृत उपक्रमों, स्थानीय निकायों, जनपद पंचायत, मार्केटिंग बोर्ड, सहकारी संस्थाएं व अन्य सार्वजनिक शासन के वाहनों के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा, आदर्श आचरण संहिता लागू होने से राजनैतिक व्यक्तियों द्वारा शासकीय वाहन जिसमें एयर-क्राफ्ट एवं हेलीकॉप्टर भी शामिल हैं, का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए उपयोग नहीं किये जायेंगे, सार्वजनिक मैदान में सभा हेतु एवं हैलीपेड के उपयोग हेतु किसी का एकाधिकार नहीं होगा, सभी पार्टियो, अभ्यर्थी को यथोचित अवसर दिया जावेगा, रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस, डॉक बंगलों का रुकने हेतु उपयोग जेड सुरक्षा श्रेणी एवं ऊपर के श्रेणी के व्यक्तियों द्वारा किया जा सकेगा, किन्तु राजनैतिक गतिविधि उनके द्वारा संचालित नहीं की जाएगी। (जहां प्रेक्षक रुके हैं वहां राजनैतिक व्यक्तियों को रुकने की सुविधा नहीं दी जाएगी), शासकीय धनराशि से विज्ञापन जिसमें उपलब्धियों का विवरण हो,प्रतिबंधित रहेगा, घर-घर अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों को छोड़कर उम्मीदवारों सहित केवल पाँच व्यक्तियों के समूह को ही घर-घर अभियान करने की अनुमति होगी। आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया गया कि 8 फरवरी 2023 की स्थिति में शहडोल जिले में कुल 784944 मतदाता है जिसमे महिला 399692 पुरूष 385243 एवं 9 थर्ड जेंडर शामिल है। 8 फरवरी 2023 की स्थिति में कुल 14714 दिव्यांग मतदाता एवं 85 एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता 3023 शामिल है, पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रोमोनुस टोप्पो, एसडीएम अरविंद शाह, उप संचालक जनसम्पर्क जीएस मर्सकोले, निर्वाचन सुपरवाइजर संजय खरे सहित इलेक्टॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के संवाददाता उपस्थित थें।

### शहडोल जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में कहा

# 784944 मतदाता चुनेंगे शहडोल सांसद 19 अप्रैल को होगा चुनाव, जुलूस, सभा व रैली इत्यादि को लेनी होगी अनुमति




**शहडोल,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तरूण भटनागर एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में शनिवार कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आज लोकसभा निर्वाचन की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों के अनुसार शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए 20 मार्च 2024 को निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन होगा, 27 मार्च को नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं 19 अप्रैल को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है।

**आयोजन की लेनी होगी अनुमति...**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने बताया कि राजनैतिक दल, संस्था, संगठन, व्यक्ति, बिना सक्षम अनुमति प्राप्त किये, किसी भी प्रकार की वाहन रैली नहीं निकालेगा। सक्षम अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही चुनाव प्रचार एवं चुनाव सामग्री परिवहन हेतु वाहनों का उपयोग किया जा सकेगा। इसी प्रकार बिना अनुमति धरना प्रदर्शन, रैली, जुलूस आदि के लिए भी विधिवत अनुमति संबंधित अनुविभागीय अधिकारी, उपखण्ड मजिस्ट्रेट से ली जाना आवश्यक होगा। कोई भी राजनैतिक दल, संस्था अथवा संगठन किसी भी सार्वजनिक स्थान पर सभा, समारोह, जलसा आदि बिना अनुमति के नहीं करेंगे।

**जमा होगे लाइसेंस धारको के शस्त्र...**

इसके साथ-साथ सड़क, स्कूल, मैदान तथा शासकीय कार्यालयों के परिसर में सभा इत्यादि पूर्णतया निषिद्ध रहेगी । कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान, मार्ग, मकानों की छत पर आतिशबाजी का प्रयोग नहीं करेगा। शासकीय कार्यालयों के परिसर में सभा इत्यादि पूर्णत: निषिद्ध रहेगी। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही सम्पत्ति विरूपण, शस्त्र लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की जा रही है।

**3 हजार से अधिक बुजुर्ग मतदाता....**

आयोजित बैठक में बताया गया कि 8 फरवरी 2023 की स्थिति में शहडोल जिले में कुल 784944 मतदाता है जिसमे महिला 399692 पुरूष 385243 एवं 9 थर्ड जेंडर शामिल है। 8 फरवरी 2023 की स्थिति में कुल 14714 दिव्यांग मतदाता एवं 85 एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता 3023 शामिल है। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रोमोनुस टोप्पो, एसडीएम अरविंद शाह, निर्वाचन सुपरवाइजर संजय खरे, राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि उपस्थित थें।

### शहडोल संभाग कमिश्नर बी.एस. जामोद ने कहा

# निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें, सभी अधिकारी, कर्मचारी आर्दश आचरण संहिता का पालन करें




शहडोल, कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद ने आज कमिश्नर कार्यायल में अपना पदभार ग्रहण किया तथा अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कमिश्नर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा निर्वाचन 2024 के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। उन्होनें कहा कि हम सभी की चुनौती सफल रूप से चुनाव संपन्न कराना है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी कर्मचारी निर्वाचन कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि निर्वाचन कार्यों के साथ-साथ विभागीय कार्य भी सतत रूप से चालू रहना चाहिए। विभागीय कार्यो में किसी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न नहीं होना चाहिए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कोई भी शासकीय अधिकारी कर्मचारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगें। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय, उपायुक्त आदिवासी विकास श्रीमती ऊषा सिंह, संयुक्त संचालक शिक्षा सहदेव मरावी, संयुक्त संचालक कृषि जेएस पेन्द्राम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ए.के.लाल, एवं अन्य विभागीय अधिकारी, उपस्थित रहे।

# नवागत कलेक्टर ने किया पदभार ग्रहण कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



शहडोल, नवागत कलेक्टर तरुण भटनागर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया तथा विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। नवागत कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए जिला मुख्यालय में बनाए गए शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। नवागत कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के चारो ओर बैरिकेटिंग की व्यवस्था मजबूती के साथ रहे व अपूर्ण कार्य की जल्द से जल्द पूर्ण करना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि आब्जर्वर के बैठने की व्यवस्था, आवागमन की व्यवस्था, वाहन खड़े होने की व्यवस्था, ईवीएम मशीनों की रख रखाव सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए तथा विधानसभावार निर्वाचन से जुड़ी अन्य जानकारियां भी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रोमोनुस टोप्पो, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, संयुक्त कलेक्टर अमृता गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, श्रीमती एंटोनियो एक्का, निर्वाचन सुपरवाइजर संजय खरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# बिना बिल के सोने में लेवाली से भाव में तेजी, इंदौर-उज्जैन और रतलाम सराफा बाजार में ये है भाव



**इंदौर।** भारतीय सराफा बाजारों में सोना बिना बिल और बिल के दामों में अंतर अधिक होने के कारण शार्ट टर्म के लिए छोटे निवेशकों की लेवाली बिना बिल के सोने में बढ़ गई है। इससे सोने की कीमतों में तेजी का वातावरण बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बुलियन वायदा मार्केट में शुक्रवार रात घटकर बंद होने से आरटीजीएस में सोने के दाम आंशिक रूप से कमजोर बोले गए हैं, लेकिन नकद में सोना कैडबरी 200 रुपये बढ़कर 65900 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। वहीं कॉमेक्स सोना 15 डॉलर घटकर 2155 डॉलर प्रति औंस रह गई। इसके चलते आरटीजीएस में सोना आंशिक घटकर 67150 रुपये प्रति दस ग्राम रह गया। बिना बिल के सोने के दाम कम होने के कारण लेवाली अच्छी बनी हुई है। इधर, चांदी में भी छोटे निवेशकों के साथ ही औद्योगिक डिमांड धीरे-धीरे बढ़ने के कारण तेजी को सपोर्ट मिल रहा है।

शनिवार को इंदौर में चांदी 150 रुपये बढ़कर 74 हजार के पार 74050 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। विदेशों में भी चांदी के दामों में तेजी रही। वहीं सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस शुक्रवार को देर रात चांदी वायदा उछलकर 25.17 डालर प्रति औंस पर बंद हुई।

**इंदौर में सोना-चांदी के बंद भाव** सोना कैडबरी रवा नकद में 65900 रुपये, सोना (आरटीजीएस) 67150 रुपये तथा सोना (91.60 कैरेट) 61510 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। शुक्रवार को सोना 65700 रुपये पर बंद हुआ था। वहीं, चांदी चौरसा 74050 रुपये, चांदी टंच 74200 रुपये तथा चांदी चौरसा (आरटीजीएस) 75450 रुपये प्रति किलो बोली गई। शुक्रवार को चांदी 73900 रुपये पर बंद हुई थी।

# पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बनने की दौड़ से बाहर हुए शेन वॉटसन



**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन सीमित ओवरों के क्रिकेट में पाकिस्तान के मुख्य कोच बनने की दौड़ से बाहर हो गए हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के मुताबिक, अपनी वर्तमान कोचिंग और कमेंटरी प्रतिबद्धताओं को अल्प सूचना पर छोड़ने के बजाय वे क्वेटा ग्लैडिएटर्स को कोचिंग देने के साथ-साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की कमेंट्री और मेजर लीग क्रिकेट टीम सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न के मुख्य कोच का पद भी वॉटसन की प्रतिबद्धताओं में से एक है। शुक्रवार को पीएसएल 9 से क्वेटा ग्लैडियेटर्स के बाहर होने के बाद, वॉटसन पहले ही पाकिस्तान छोड़ चुके हैं। मोहसिन नकवी के नेतृत्व वाला पीसीबी, क्रिकेट टीम के लिए एक मजबूत कोचिंग स्टाफ नियुक्त करना चाहता है। घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए समय पर रिक्ति को भरने के लिए, पीसीबी विदेशी सलाहकारों के साथ स्थानीय कोचों की नियुक्ति की संभावना पर भी विचार कर रहा है। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज 18 अप्रैल से शुरू होगी। बता दें कि मिकी आर्थर, ग्रांट ब्रैडबर्न और एंड्रयू पुटिक, जिन्हें नवंबर 2023 में उनके पोर्टफोलियो में बदलाव के बाद लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में स्थानांतरित कर दिया गया था, ने इस साल जनवरी में अपने संबंधित पद छोड़ दिए हैं।

अप्रैल 2023 में, आर्थर को पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम का निदेशक नामित किया गया था, जबकि ब्रैडबर्न को पिछले साल की शुरुआत में पाकिस्तान राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर पुटिक ने अप्रैल 2023 से बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया। पीसीबी के अनुसार, यह निर्णय सभी पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण ढंग से लिया गया।

# विश्व कप से पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 श्रृंखला खेलेगा बांग्लादेश



ढाका । बांग्लादेश 1 जून से संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह-मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले मई में जिम्बाब्वे के खिलाफ घर में पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा। 3 मई से शुरु होने वाले श्रृंखला के पहले तीन टी20 मैच चट्टोग्राम में होंगे, उसके बाद अगले दो मैच ढाका में होंगे। एक रणनीतिक बदलाव में, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के बीच दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला को 2025 तक पुनर्निर्धारित करने की भी घोषणा की है। यह 2018 के बाद दोनों पक्षों के बीच पहली टेस्ट श्रृंखला होगी। पिछले मुकाबलों को ध्यान में रखते हुए, बांग्लादेश के पास टी20 प्रारूप में जिम्बाब्वे के खिलाफ 13-7 जीत-हार अनुपात का एक अनुकूल रिकॉर्ड है। आखिरी बार दोनों टीमें जुलाई 2022 में हरारे में द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला में एक-दूसरे के आमने-सामने थीं, जब जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को 2-1 से हराया था।

# मैहर जिले की प्रथम पुलिस बिल्डिंग 1.56 करोड़ की लागत से कम्युनिकेशन सेंटर का भूमि पूजन संपन्न

## मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी व रीवा जोन के आईजी महेंद्र सिंह सिकरवार ने किया भूमि पूजन



श्री निवास मिश्रा । सिटी चीफ मैहर, तदोपरांत IG श्री महेंद्र सिंह सिकरवार ने कार्यालय पुलिस अधीक्षक, मैहर में कानून व्यवस्था की बैठक ली जिसमें जिले के पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक मैहर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमरपाटन एवं समस्त प्रभारी, जिला मैहर उपस्थित रहे.... जिसमे ढ्ढत्र द्वारा रात्रि मे प्रभावी गस्त, लंबित मर्गो/अपराध/ चालानो का निराकरण करने, ग्राम रक्षा समिति को सक्रिय करने, स्थाई वारंटो की तमिलि, फरार उद्घोषित आरोपियों को सूचीबद्ध कर उनकी गिरफ्तारी करने, माइनर एक्ट, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही एवं एनडीपीएस की कार्रवाई की जाने के निर्देश दिए गए हैं... साथ ही जिले से 02 निरीक्षक थाना प्रभारी रामनगर संतोष कुमार तिवारी एवं निरीक्षक अरुण कुमार सोनी थाना प्रभारी बदेरा को कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर आईजी व पुलिस अधीक्षक ने उनकी रिबन काटा व पदोन्नति की शुभकामनाएं दी.

मैहर जिले में आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभाव से लागू

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में हुई शनिवार को संपन्न जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक



**श्री निवास मिश्रा । सिटी चीफ मैहर,** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 का कार्यक्रम घोषित हो जाने के साथ ही सतना एवं मैहर जिले में आदर्श आचरण संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को संपन्न जिला स्तरीय स्टैडिंग कमेटी की बैठक में निर्वाचन कार्यक्रम, निर्वाचन प्रक्रिया एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुये सतना जिले और मैहर जिले के समस्त राजनैतिक दल, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को जारी आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की अपील की गई है। इस मौके पर कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सतना श्री आशुतोष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मैहर श्री सुधीर अग्रवाल, एआरओ श्री नीरज खरे, श्रीमती आरती यादव, डॉ आरती सिंह,श्री राहुल सिरोडिया,श्री जेके वर्मा,श्री एपी द्विवेदी,सुधीर बेक,श्री आर एन खरे तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव 2024 का निर्वाचन कार्यक्रम घोषित

## जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी



**पियूष अग्रवाल । सिटी चीफ** खरगोन, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-27 खरगोन एवं क्रमांक-28 खंडवा में निर्वाचन के लिए 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी और 13 मई को मतदान कराया जाएगा । खरगोन लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-27 में खरगोन जिले के 04 विधानसभा क्षेत्र महेश्वर, कसरावद, खरगोन एवं भगवानपुरा तथा बड़वानी जिले के 04 विधानसभा क्षेत्र सेंधवा, राजपुर, पानसेमल एवं बड़वानी शामिल हैं। खरगोन जिले की 02 विधानसभा भीकनगांव एवं बड़वाह लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-28 खंडवा में शामिल हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खरगोन लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-27 से प्रतिनिधि के निर्वाचन के लिए आगामी 18 अप्रैल 2024 को अधिसूचना जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रत्याशी अपने नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग आफिसर के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगें। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024 रखी गई है । प्रत्याशियों द्वारा जमा गए नाम निर्देशन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को की जाएगी। चुनाव नहीं लड़ने वाले प्रत्याशी 29 अप्रैल को दोपहर 3ः00 बजे तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी के बाद शेष बचे प्रत्याशियों को 29 अप्रैल को चुनाव चिन्ह आबटित कर दिया जाएगा। प्रतिनिधि के निर्वाचन के लिए 13 मई 2024 को निर्धारित मतदान केन्द्रों पर मतदान कराया जाएगा। मतदाताओं द्वारा डाले गये मतों की गणना 04 जून 2024 को की जाएगी।

मां (मैहर) के नाम को चरितार्थ करने की एक पहल

# मां सिटी (मैहर म्यूजिक अटला आर्ट सिटी) की भव्य लॉन्चिंग



**श्री निवास मिश्रा। सिटी चीफ** मैहर, मां शारदा की पावन नगरी एवं पद्म विभूषण उस्ताद अलाउद्दीन खा साहब की साधना स्थली मैहर के जिला बनते ही नवागत कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड़ जी,ने लोकप्रिय विधायक श्री श्रीकांत चतुर्वेदी जी की सोच मैहर जिले को जिले के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से मां के नाम को चरितार्थ करने की एक पहल (मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी) की लॉन्चिंग लोकप्रिय विधायक श्री श्रीकांत चतुर्वेदी जी, जिला अध्यक्ष भाजपा श्री कमलेश सुहाने जी श्री राम खिलावन जी को जिला जनपद अध्यक्ष, श्रीमती सुष्मिता सिंह जी जिला जनपद उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, श्री विकास त्रिपाठी जी जनपद उपाध्यक्ष, अध्यक्ष न. पा. प. श्रीमती गीता संतोष सोनी जी, उपाध्यक्ष न. पा. प. श्रीमती शीतल नितिन ताम्रकार जी के साथ कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड़ जिला प्रशासन डॉ कैलाश जैन श्रीमती अंबिका बेरी जयंत जैनअपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह श्री विकास सिंह एसडीएम की गरिमा मय उपस्थिति में मां सिटी (मैहर म्यूजिक अटला आर्ट सिटी) की भव्य लॉन्चिंग संपन्न हुई। अटाला आर्ट को लेकर बाबा तालाब परिसर में नगर पालिका के पड़े कबाड़ से सौंदर्यकरण, की शुरुआत की, बाबा तालाब परिसर में ओपन जिम एवं चौपाटी का लोकार्पण कार्यक्रम आज दिनांक 15 मार्च 2024 को संपन्न हु5आ। वहीं संगीत के क्षेत्र में मैहर के नवोदित कलाकार, शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में अपना परचम लहराने वाले उन नवोदित कलाकारों की प्रतिभा उभरने का कार्य प्रत्येक माह की 1 तारीख को मैहर मां सिटी (मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी) के बैनर तले जिला प्रशासन के सहयोग से संपन्न होगा। जिसकी शुरुआत 1 अप्रैल 2024 दिन सोमवार से करेंगे । इस शुभ अवसर पर मैहर गौरव डॉक्टर कैलाश जैन, श्रीमती अंबिका बेरी, जयंत जैन, श्री बी एल अग्रवाल श्री आर के गिरी, श्री मनीष सिंह जी, जनपद सदस्य श्री ध 'उरमालिया, श्रीमती जयंती तिवारी श्री अशोक चौबे श्री केशव प्रसाद चौरसिया श्री राज ललन मिश्रा श्री उत्तम पांडे श्री जितेश जैन श्री सतीश मिश्रा श्री विकास त्रिपाठी श्री विश्वनाथ चौरसिया श्री अंबुज मिश्रा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला प्राचार्य विवेकानंद महाविद्यालय प्राचार्य शासकीय संगीत महाविद्यालय जिला प्रशासन से मुख्य तौर पर श्री शैलेंद्र सिंह जी अपर कलेक्टर श्री विकास सिंह जी एसडीएम मैहर श्री जितेंद्र पटेल जी तहसीलदार सीईओ मुख्य शिक्षा अधिकारी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर मैहर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर रामनगर, होटल एसोसिएशन के सदस्य विभिन्न उद्योगों के सम्मानित सदस्य, उपस्थित रहे। मैहर की पहचान कलाकृतियों के साथ संगीत से हो एक अनोखी पहल।

# नवीन कॉलेज में हुआ जनभागीदारी समिति की बैठक का आयोजन

## विधायक हुए शामिल, कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा



**भगवान दास बेरागी । सिटी चीफ** शाजापुर, जिले के लीड शासकीय पं. बालकृष्ण शर्मा नवीन कॉलेज में शनिवार को जन भागीदारी समिति की अहम बैठक अयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद मौजूद रहे। बैठक में महाविद्यालय संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। जन भागीदारी समिती अध्यक्ष विपुल कसेरा ने बताया कि विधायक अरुण भीमावद की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में महाविद्यालय में होने वाली गतिविधियों एवं नवीनतम कोर्स को संचालित करने के लिए विचार विमर्श किया गया। साथ ही अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बीएस विभूति ने बताया कि शहर का बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार एक्सीलेंस कॉलेज की सूची में शामिल किया गया है। इसे लेकर के भी बैठक में बिंदुवार चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि एक्सीलेंस कॉलेज में कई नई गतिविधियों को जोड़ा जाएगा। साथ ही इस बात को भी देखा गया है कि योजना के मापदंडों के अनुसार वर्तमान महाविद्यालय का भवन है या नहीं अगर वर्तमान भवन पर्याप्त नहीं होता है तो जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के साथ नवीन भवन के लिए भूमि देखी जाएगी। इस दौरान बैठक को विधायक अरुण भीमावद ने भी संबोधित करते हुए आश्वासन दिया कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों के विकास को लेकर वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव की पहली प्राथमिकता शिक्षा और बच्चों का विकास रही है। इसलिए मैं विश्वास दिलाता हूं कि महाविद्यालय को नई ऊंचाईयां देने और यहां के विद्यार्थी ही नहीं स्टॉफ को होने वाली समस्याओं का समाधान मेरी पहली प्राथमिकता में शामिल है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# शहडोल में नवागत कमिश्नर बी.एस. जामोद ने पदभार ग्रहण किया



शहडोल, राज्य शासन द्वारा शहडोल संभाग के लिए नियुक्त नवागत कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद ने आज कमिश्नर कार्यालय शहडोल में कमिश्नर शहडोल संभाग का पद भार ग्रहण किया। गौरतलब है कि वर्ष 2006 के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद कलेक्टर दतिया, कलेक्टर अशोकनगर, संचालक लोक शिक्षण, कमिश्नर पंचायत राज, सचिव निर्वाचन आयोग, गृह परिवहन शिक्षा, आर्थिक सांख्यकी एवं निति आयोग में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। कमिश्नर बी.एस. जामोद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिहोर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल, अपर कलेक्टर रतलाम, के पद पर भी कार्य कर चुके हैं।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायत पर जांच करने पहुंचे बीआरसी शिक्षक ने करी हदे पार

# समूह की महिला अध्यक्ष को जिस्मानी संबंध बनाने के लिए दबाव डाला




**शहडोल,** मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में एक ऐसा मामला सामने आया है सीएम हेल्पलाइन की शिकायत पर जांच करने पहुंचे बीआरसी शिक्षक की डर्टी पिक्चर सामने आई है जांचकर्ता शिक्षक ने समूह की महिला अध्यक्ष को जिस्मानी संबंध बनाने के लिए दबाव डाला है इसके लिए मोबाइल पर लगातार अश्लील मैसेज भेजे गए विडियो कालिंग की गई, इससे प्रताड़ित महिला ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। शहडोल बीआरसी कार्यालय में पदस्थ एक शिक्षक की डर्टी पिक्चर सामने आई है। बीते दिनों सीएम हेल्पलाइन पर समूह महिला अध्यक्ष की शिकायत हुई थी, जिसमें बतलाया गया था कि समूह मीनू के आधार पर बच्चो को खाना नही देने दे रहा है, इसी शिकायत की जांच के लिए पहुंचे बीआरसी के शिक्षक द्वारा महिला अध्यक्ष का मोबाइल नंबर लेकर उक्त शिकायत पर कार्यवाही नही करने के एवज में मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजकर वीडियो कॉल करके जिस्मानी संबंध बनाने का दबाब बनाने लगे जिसकी शिकायत पर बुढार पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

हम आपको बता दें कि पूरा वाकया जिले के बुढार थाना क्षेत्र के लालपुर का है जहां एक समूह की महिला अध्यक्ष ने शहडोल बीआरसी में पदस्थ शिक्षक राजेन्द्र निगम पर गंभीर आरोप लगाते हुए बुढार थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायत हुई थी कि समूह के द्वारा बच्चो को मीनू के आधार पर खाना नही दिया जाता है। इसी बात की जांच करने पहुचे बीआरसी शहड़ोल में पदस्थ शिक्षक राजेन्द्र निगम ने मामले की जांच करते हुए समूह की अध्यक्षा का मोबाइल नम्बर ले लिया और महिला के व्हाटसप पर मैसेज करते हुए इस बात का दबाब बनाने लगे कि यदि वह इनके साथ इल्लीगल रिलेशन बनाती है तो वो उस शिकायत जांच पर कोई कार्यवाही नही करेंगे, लगातार मैसेज भजेने व वीडियो कॉल से परेशानं होकर महिला ने मामले की बुढ़ार थाने में शिकायत की, पीड़ित महिला की शिकायत पर बुढार पुलिस ने शिक्षक राजेन्द्र निगम के खिलाफ धारा 354 के तहत मामला दर्ज कर बुढार पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**प्रतिक्रिया....** समूह की महिला की शिकायत पर बीआरसी के एक शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। शिक्षक पर आरोप लगा है कि एक मामले के जांच के दौरान महिला का मोबाइल नंबर लेकर उसे मैसेज कर व्हाटसप वीडियो कॉल कर परेशान करने लगे थे, जिस पर कार्यवाही की गई है।

# अमेरिका के फिलाडेल्फिया में गोलीबारी 3 लोगों की दर्दनाक मौत



फेयरलेस हिल्स: अमेरिका के फिलाडेल्फिया के उपनगर में शनिवार तड़के हुई गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के कारण 'सेंट पैट्रिक्स डे परेड रद्द करनी पड़ी और बचों का 'थीम पार्क बंद करना पड़ा। 'मिडलटाउन टाउनशिप पुलिस ने बताया कि ईस्टर्न पेंसिल्वेनिया की फॉल्स टाउनशिप में ''गोलीबारी की घटना की पुष्टि हुई है और इस घटना में ''कई लोग हताहत हुए हैं। बक्स काउंटी के प्राधिकारियों ने क्षेत्र के निवासियों को अपने घरों में रहने और दरवाजे बंद रखने की चेतावनी दी है। एक स्थानीय निर्वाचित अधिकारी ने गोलीबारी की इस घटना को ''घरेलू बताया। 'फॉल्स टाउनशिप बोर्ड ऑफ सुपरवाइजर के अध्यक्ष जेफरी डेंस ने कहा कि हमलावर टाउनशिप में दो स्थानों पर गया और उसने कई लोगों को गोली मारी, जिनमें से तीन की मौत हो गई। मिडलटाउन टाउनशिप पुलिस ने बताया कि 26 वर्षीय संदिग्ध की पहचान कर ली गई है और माना जा रहा है कि वह इस समय बेघर है और वह ''मुख्य रूप से ट्रेंटन में रहता है।

# अमेरिका ने रूस से बैलिस्टिक मिसाइल सौदा करने पर ईरान को नए प्रतिबंध की दी चेतावनी



वाशिंगटन- अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने शुक्रवार को ईरान को चेतावनी दी कि अगर वह यूक्रेन के साथ युद्ध के लिए रूस को बैलिस्टिक मिसाइलें प्रदान करने की अपनी योजना के साथ आगे बढ़ता है तो उसे नए आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा। बाइडन प्रशासन कई महीनों से इस बात पर चिंता जता रहा है कि रूस ईरान से कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों की मांग कर रहा है क्योंकि मॉस्को अपनी घटती हुई सैन्य साजो-सामान की आपूर्ति को फिर से भरने के लिए संघर्ष कर रहा है। अमेरिका ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि यह मिसाइलें ईरान की ओर से रूस को प्रदान की जा चुकी हैं। लेकिन, अमेरिकी अधिकारी ईरानी अधिकारियों की टिप्पणियों से चिंतित हैं, जिससे पता चलता है कि बैलिस्टिक मिसाइलों को लेकर यह समझौता होना तय है। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक जी-7 समूह के सदस्य देश ईरान की सरकारी विमान कंपनी ईरान एयर को यूरोप के लिए उड़ान भरने से प्रतिबंधित करने पर विचार कर रही है।

# अमेरिका को कनाडा के साथ जोड़ना अनुचित, उत्तरी अमेरिकी देशों के साथ संबंधों पर एस जयशंकर



नेशनल डेस्क- केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को खालिस्तानी मुद्दे पर उत्तरी अमेरिकी देशों के साथ भारत के संबंधों पर टिप्पणी की। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका को कनाडा के साथ जोड़ना अनुचित होगा। उन्होंने एक कार्यक्रम में खालिस्तानी मुद्दे पर भारत की चिंताओं और अमेरिका और कनाडा द्वारा नई दिल्ली के खिलाफ लगाए गए आरोपों के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। जयशंकर ने जवाब दिया, आप अमेरिका और कनाडा का निर्बाध रूप से उपयोग करते रहें। मैं कई कारणों से वहां एक रेखा खींचूंगा। सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि सभी ने कहा और किया है, अमेरिकी राजनीति ने हिंसक, चरमपंथी विचारों और गतिविधियों को उस तरह की जगह नहीं दी है। कनाडा ने ऐसा किया है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि अमेरिका के लिए उन्हें एक साथ रखना उचित है। मैं दोनों के बीच अंतर करूंगा। अमेरिका ने आरोप लगाया था कि भारतीय सरकारी एजेंसी के एक कर्मचारी ने खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का निर्देश दिया था। दूसरी ओर कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि भारत सरकार के एजेंटों और एक अन्य खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निजर की हत्या के बीच एकसंभावित संबंध था।

# दक्षिणी नाइजीरिया में दो समुदायों के बीच झड़प, 16 सैनिकों की मौत



अबुजा: दक्षिणी नाइजीरिया में दो समुदायों के बीच झड़प के दौरान स्थिति संभालने पहुंचे चार अधिकारियों सहित कम से कम 16 सैनिकों की मौत हो गई। रक्षा अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। रक्षा मुख्यालय के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल तुकुर गुसाउ ने एक बयान में बताया कि यह हमला बृहस्पतिवार को बोमाडी परिषद क्षेत्र में उस समय हुआ जब शांति बनाए रखने के लिए तैनात सैनिकों को ''समुदाय के कुछ युवाओं ने घेर लिया और मार डाला। गुसाउ ने बताया कि इस हमले में कमांडिंग ऑफिसर, दो मेजर, एक कैप्टन और 12 सैनिकों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और इसकी जांच सेना कर रही है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि यह झड़प ओकुआमा और ओकोलोबा समुदायों के बीच लंबे समय से जारी भूमि विवाद के कारण हुई। इस विवाद के कारण एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया था और सैनिकों ने उसे छुड़ाने के लिए बातचीत करने की असफल कोशिश की थी।

## शराब नीति मामले में जांच एजेंसी ने केजरीवाल को 9वां समन किया जारी

नेशनल डेस्क- प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नया समन जारी कर उन्हें 21 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी (आप) के 55 वर्षीय राष्ट्रीय संयोजक को मध्य दिल्ली में केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने कहा कि नौवां समन जारी किया गया है ताकि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत केजरीवाल का बयान दर्ज किया जा सके। मुख्यमंत्री ने इन समन को अवैध बताते हुए हर बार पेश होने से इनकार किया है। दिल्ली की एक अदालत ने इस मामले में पिछले आठ समन में से छह की अवहेलना करने के लिए एजेंसी की ओर से दायर दो शिकायतों पर केजरीवाल को शनिवार को जमानत दे दी। एजेंसी ने इस मामले में दो दिन पहले बीआरएस नेता के. कविता को गिरफ्तार किया था।

# यूनिवर्सिटी में अज्ञात हमलावरों ने विदेशी छात्रों पर हमला, हॉस्टल के कमरे में भी तोड़फोड़



नेशनल डेस्क- अहमदाबाद की गुजरात यूनिवर्सिटी में अज्ञात हमलावरों ने विदेशी छात्रों पर हमला कर दिया. हमलावरों ने हॉस्टल के एक कमरे में भी तोड़फोड़ की और नारेबाजी और पथराव किया। छात्र एक विश्वविद्यालय छात्रावास में रहते थे और शनिवार रात हमला सार्वजनिक राज्य विश्वविद्यालय के परिसर में हुआ। घायल छात्रों को अहमदाबाद के एसवीपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. फिलहाल यूनिवर्सिटी की ओर जाने वाले सभी गेट बंद कर दिए गए हैं. पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें लोगों का एक समूह हॉस्टल पर पथराव और नारेबाजी करता दिख रहा है। वीडियो बनाने वाले व्यक्ति को यह कहते हुए सुना जा सकता है, हमारे हॉस्टल ए ब्लॉक में यही हो रहा है... यह अस्वीकार्य है, वे हमारे हॉस्टल में हम पर हमला करने के लिए यहां आते हैं। इस बीच, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को हमले की आलोचना की और सवाल किया कि क्या प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हस्तक्षेप करेंगे क्योंकि यह घटना उनके गृह राज्य गुजरात में हुई थी। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, कितनी शर्म की बात है। जब आपकी भक्ति और धार्मिक नारे तभी सामने आते हैं जब मुसलमान शांतिपूर्वक अपने धर्म का पालन करते हैं। जब आप मुसलमानों को देखते ही बेवजह क्रोधित हो जाते हैं। यह सामूहिक कट्टरपंथ नहीं तो और क्या है एक्स पर AIMIM प्रमुख का पोस्ट एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने गुजरात विश्वविद्यालय हमले की आलोचना की यह @अमितशाह और @नरेंद्र मोदी का गृह राज्य है। क्या वे कड़ा संदेश भेजने के लिए हस्तक्षेप करेंगे? मैं अपनी सांस नहीं रोक रहा हूं। @DrSजयशंकर घरेलू मुस्लिम विरोधी नफरत भारत की सद्भावना को नष्ट कर रही है।

# गोवा में ट्रक घाटी में गिरा, पांच बच्चों समेत 13 लोग जख्मी



नेशनल डेस्क- दक्षिण गोवा जिले में एक ट्रक के घाटी में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा पांच बच्चों समेत 13 लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। हादसा शनिवार रात को क्यूपेम नगर में हुआ। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और समाज कल्याण मंत्री सुभाष पी. देसाई चुनाव प्रचार के बाद इसी मार्ग से गुजर रहे थे और वे भी स्थानीय लोगों के साथ बचाव कार्य में शामिल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चालक का गाड़ी से नियंत्रण खो गया और ट्रक घाटी में जा गिरा। उन्होंने बताया कि पीड़ित गाड़ी के अंदर फंस गए। अधिकारी के मुताबिक, एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए जिनमें पांच बच्चे और तीन महिलाएं शामिल हैं। वहां से गुजर रहे मुख्यमंत्री सावंत भी पुलिस, अग्निशमन एवं आपात सेवा के कर्मियों और स्थानीय लोगों के साथ बचाव कार्य में शामिल हुए। पुलिस ने बताया कि घायलों को ट्रक से निकाल कर पणजी के पास गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## हनीप्रीत ने गुरु ग्रंथ साहिब का अपमान करने को कहा मुख्य आरोपी ने गुरमीत राम रहीम पर लगाए गंभीर आरोप

नेशनल डेस्क- 2015 के गुरु ग्रंथ साहिब बेअदबी मामले में नवीनतम विकास में, मुख्य आरोपियों में से एक, प्रदीप कलेर ने, सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम और उनकी सामाजिक रूप से गोद ली गई बेटी पर गंभीर आरोप लगाए। उसने बताया कि बेअदबी कृत्यों के पीछे हनीप्रीत मास्टरमाइंड है। कलेर के मुताबिक, साजिश कथित तौर पर अप्रैल 2015 में दिल्ली में राम रहीम और हनीप्रीत की मौजूदगी में रची गई थी। उन्होंने दावा किया कि हनीप्रीत ने डेरा अनुयायियों को बेअदबी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए उकसाया था। पिछले महीने पकड़े जाने से पहले कलेर 2018 से फरार था। रिपोर्ट के अनुसार, कलेर ने 26 फरवरी को चंडीगढ़ की एक अदालत में सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दर्ज कराए गए बयान में ये खुलासे किए। 1 जून, 2015 को फरीदकोट जिले के बुर्ज जवाहर सिंह वाला गांव के एक गुरुद्वारे में गुरु ग्रंथ साहिब की एक भौतिक प्रति, बीर या सरूप की चोरी हुई। कलेर ने डेरा प्रमुख के साथ बैठक के लिए दिल्ली बुलाए जाने का जिक्र किया। मार्च-अप्रैल 2015 में, जहां हनीप्रीत, राकेश दिर्बा, हर्ष धुरी, संदीप बरेटा, मोहिंदरपाल बिट्टू और अन्य मौजूद थे। रिपोर्ट के अनुसार, कलेर ने कहा, बिट्टू ने उन्हें बताया कि सिख उपदेशक हरजिंदर सिंह मांझी ने एक मंडली में लोगों को डेरा प्रमुख के खिलाफ जाने के लिए मजबूर किया और उन्होंने अपने डेरा लॉकेट, जिनमें गुरमीत राम रहीम सिंह की तस्वीरें थीं, उसे फेंक दिए। बैठक के दौरान कलेर ने आरोप लगाया कि राम रहीम की आलोचना करने वाले एक सिख उपदेशक से जुड़ी घटना से गुस्सा होकर हनीप्रीत ने गुरु ग्रंथ साहिब के अपमान का आदेश दिया। राम रहीम ने कथित तौर पर हनीप्रीत के निर्देश का समर्थन किया और अपने एक सहयोगी को यह काम सौंपा। कलेर ने कहा, क्रोधित हनीप्रीत ने करारा जवाब मांगा और गुरु ग्रंथ साहिब का अपमान करने को कहा। डेरा प्रमुख ने उन्हें मोहिंदरपाल को काम सौंपते हुए हनीप्रीत के निर्देशों पर जल्द से जल्द अमल करने को कहा।

# अमरीकी खुफिया एजेंसियों की चेतावनी, भारत-चीन सीमा पर फिर हो सकता है सशस्त्र संघर्ष



नेशनल डेस्क- अमरीकी खुफिया एजेंसियों ने भारत और चीन के बीच सीमा पर बढ़ते तनाव के चलते संभावित सशस्त्र संघर्ष को लेकर चेताया है। राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डी.एन.आई.) द्वारा जारी रिपोर्ट में भारत और चीन के बीच तनावपूर्ण संबंधों को रेखांकित किया गया है, सेनाओं के बीच छिटपुट मुठभेड़ों को तनाव बढ़ने का जोखिम बताया गया है।

**चीन के सैन्य विस्तार का जिक्र**

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और चीन के बीच साझा विवादित सीमा के कारण उनके द्विपक्षीय संबंधों में तनाव की स्थिति बनी रहेगी। रिपोर्ट में नाजुक वैश्विक व्यवस्था, चीन की सैन्य विस्तार योजना, उसके आक्रामक साइबर अभियान और 2024 के अमरीकी राष्ट्रपति चुनावों को प्रभावित करने के संभावित प्रयास पर प्रकाश डाला गया है। इसमें इजरायल-हमास युद्ध और रूस-यूक्रेन युद्ध सहित अन्य संघर्षों के बारे में भी बात की गई है। दोनों पक्षों की भारी संख्या में सेना तैनात रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि चीन शक्ति दिखाने और विदेश में चीन के हितों की रक्षा करने के अपने प्रयास में श्रीलंका और पाकिस्तान सहित कई स्थानों पर विदेशी सैन्य अड्डे स्थापित करना चाहता है। हालांकि दोनों पक्ष 2020 के बाद से महत्वपूर्ण सीमा पार झड़पों में शामिल नहीं हुए हैं, जबकि दोनों पक्षों ने भारी संख्या में सेना को तैनात कर रखा है। मई 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एल.ए.सी.) के लद्दाख सेक्टर में चीन के साथ सैन्य गतिरोध शुरू होने के बाद से भारत और चीन दोनों ने सीमा के पास बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर प्रयास तेज कर दिए हैं।

**28 दौर की वार्ता हो चुकी है विफल**

रिपोर्ट कहती है कि 2021 की शुरुआत में नियंत्रण रेखा (एल.ओ.सी.) पर पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम के बाद शांति बनी हुई है। इसमें में चेतावनी दी गई है कि इस्लामाबाद के किसी भी उकसावे से दोनों पड़ोसियों के बीच सशस्त्र संघर्ष हो सकता है।एक अन्य मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र सरकार को उपलब्ध कराई गई खुफिया जानकारी के अनुसार भारत ने कथित तौर पर 2020 में लद्दाख में लगभग 1,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चीनी नियंत्रण में खो दिया है। तब से दोनों देशों के बीच अट्ठाईस दौर की बातचीत गतिरोध को हल करने में विफल रही है। चीन ने सार्वजनिक रूप से अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों पर अपना दावा जताया है, कुछ शहरों का नाम बदल दिया है, भारतीय सैनिकों के साथ शारीरिक टकराव के विवरण कभी भी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569